# मेट्रो Rays

आगे रखने का वादा

सांध्य दैनिक

रांची, सोमवार, 10 मार्च 2025

संवत 2081, फाल्गुन शुक्ल 11 - मूल्य 2 रुपये

वर्ष-8, अंक 185, पृष्ठ-8, RNI No.-JHAHIN/2017/75028





4 ▸▸ सावित्रीबाई फुले : महिला शिक्षा की अग्रदूत

प्रियंका चोपड़ा ने 3 बच्चों के बाप संग किसिंग सीन करने से किया था इनकार ◂◂ 6



# पटाखा दुकान में आग लगने से चार बच्चों सहित पांच की मौत, जांच में जुटी पुलिस



मेट्रो रेज

**गढ़वा:** जिले में रंका थाना क्षेत्र के गोदरमाना गांव स्थित पटाखे की दुकान मे भीषण आग लगने की खबर सामने आयी है। मिली जानकारी के अनुसार इस घटना में चार बच्चे सहित पांच लोगो की दर्दनाक मौत हो गयी है। वहीं घटनास्थल पर भारी संख्या मे भीड़ इकठ्ठा हो गयी है। सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस पहुंच गयी है और मामले की जांच कर रही है।

## तेज रफ्तार कार ने बारातियों को रौंदा, दो की मौत, छह घायल



**लोहरदगा:** लोहरदगा-रांची नेशनल हाईवे स्थित सेरेंगहातू चर्च मोड़ के पास रविवार रात सड़क हादसा हो गया। एक तेज रफ्तार कार ने शादी समारोह में शामिल होने जा रहे बारातियों को रौंद दिया, जिससे दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि छह लोग घायल हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, सेरेंगहातू तोडार गांव निवासी अर्जुन उरांव के पुत्र की शादी के लिए बाराती चर्च टोला जा रहा था। इसी दौरान, लोहरदगा की ओर से आ रही तेज रफ्तार कार ने एक बाइक सवार को बचाने के प्रयास में नियंत्रण खो दिया और बारात में जा घुसी। हादसे में राजेश उरांव (35) और लक्ष्मी उरांव (40) की घटनास्थल पर ही मौत हो गई।घटना के बाद मौके पर स्थानीय ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए घायलों को लोहरदगा सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। घटना के बाद गुस्साए ग्रामीणों ने कार चालक को पकड़ लिया। कार चला रहे आशीष उरांव, जो किस्को प्रखंड के बगड़ू थाना क्षेत्र के आर्या ग्राम का निवासी है, को ग्रामीणों ने पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही लोहरदगा सदर अस्पताल में भारी संख्या में ग्रामीण एकत्र हो गए। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है और घायलों का इलाज जारी है। इस हादसे से शादी की खुशियां मातम में बदल गईं। पुलिस मामले की जांच पडताल कर रही है।

## जंगल में मिला ढाई साल के बच्चे का शव, फैली सनसनी

घर के आंगन में खेलते समय हुआ था लापता

**लोहरदगा:** जंगल से ढाई साल के बच्चे का शव मिलने से सनसनी फैल गई। ताजा मामला लोहरदगा जिले से सामने आया है। शव को बरामद करके पुलिस मामले की जांच कर रही है। इस मामले पर सेन्हा थाना प्रभारी वारिस हुसैन का कहना है कि पुलिस मामले की बारिकी से तफ्तीश में जुटी है। उन्होंने कहा कि जांच के बाद ही किसी निष्कर्ष पर पहुंचा जा सकता है।

**बच्चे की मौत कैसे हुई, इसकी जांच चल रही है:** थाना प्रभारी सेन्हा थाना क्षेत्र के सुदूरवर्ती उरुं गांव से 7 मार्च को लापता ढाई साल के बच्चे का शव उरुं जंगल में मिलने की सूचना पुलिस को मिली थी। पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। हालांकि बच्चे की मौत कैसे हुई है? यह अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है। उरुं गांव के रहने वाले विनोद महतो का ढाई वर्षीय बेटा खेलते-खेलते गांव से लापता हो गया था। जिसकी सूचना उन्होंने सेन्हा थाने में शनिवार को पुलिस को दी थी- वारिस हुसैन, सेन्हा थाना प्रभारी ।

**जंगल में मिला शव:** जब पुलिस मामले की जांच कर ही रही थी कि घर से महज डेढ़ किलोमीटर दूर उरुं जंगल से बच्चे के शव की सूचना पुलिस को मिली। एक लकड़हारे ने ग्रामीणों को इसकी सूचना दी। जिसके बाद परिजनों ने जंगल पहुंचकर शव की पहचान की। बाद में इसकी जानकारी पुलिस को दी गई। बच्चे का शव मिलते ही परिजनों में शोक की लहर दौड़ गई। माता-पिता का रो-रोकर बुरा हाल है।

### पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के बेटे पर ईडी का शिकंजा

## घर सहित 14 ठिकानों पर सुबह-सुबह की छापेमारी



**रायपुर :** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने सोमवार सुबह छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के बेटे चैतन्य बघेल के घर पर छापा मारा। यह कार्रवाई राज्यभर में कुल 14 स्थानों पर एक साथ की गई। केंद्रीय जांच एजेंसी की यह छापेमारी कथित आर्थिक अनियमितताओं और धन शोधन (मनी लॉन्ड्रिंग) से जुड़े मामलों की जांच के तहत हुई है।

ईडी की टीमों ने सोमवार सुबह अचानक कार्रवाई करते हुए चैतन्य बघेल के ठिकानों पर दबिश दी। सूत्रों के अनुसार, यह छापेमारी केवल चैतन्य बघेल के आवास तक ही सीमित नहीं थी, बल्कि राज्य में 14 अलग-अलग स्थानों को लक्षित किया गया था। इस खबर के फैलते ही रायपुर और पूरे छत्तीसगढ़ की राजनीतिक गलियारों में खलबली मच गई है।

जांच एजेंसी से जुड़े सूत्रों ने बताया कि यह तलाशी अभियान छत्तीसगढ़ में हुए 2161 करोड़ रुपये के शराब घोटाले से संबंधित है। इस मामले में पहले भी कई उच्च पदस्थ अधिकारियों और एक पूर्व मंत्री को गिरफ्तार किया जा चुका है। जैसे-जैसे जांच आगे बढ़ रही है, वैसे-वैसे कई और लोगों के लिए मुश्किलें बढ़ने की आशंका जताई जा रही है। बताया जा रहा है कि ईडी की टीमें विभिन्न स्थानों पर महत्वपूर्ण दस्तावेजों और डिजिटल डेटा की गहन जांच कर रही हैं, जिससे इस घोटाले की परतें खुलने की उम्मीद है।



## डॉक्टर ने हॉस्टल में की आत्महत्या सुसाइड नोट में लिखा, सॉरी..

**बोकारो:** बोकारो जनरल अस्पताल की डॉ आर्या झा की बॉडी उनके कमरे से बरामद की गई। मिली जानकारी के अनुसार, डॉ आर्या बीती देर रात डीएनबी गर्ल्स हॉस्टल स्थित अपने कमरे में आत्महत्या कर ली। ड्यूटी से लौटने के बाद डॉ आर्या की सहकर्मी को घटना की जानकारी हुई। जिसके बाद हॉस्टल में शोर शुरू हो गई। घटना की सूचना मिलने पर सिटी ऊढ आलोक रंजन व सेक्टर चार थाना इंस्पेक्टर संजय कुमार सहित अन्य पुलिस अधिकारी स्पॉट पर पहुंचे। पुलिस ने डेड बॉडी को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इंस्पेक्टर संजय कुमार फिंगर प्रिंट एक्सपर्ट व टेक्निकल सेल की टीम के साथ जांच में जुट गए है। पुलिस को मृतका डॉ आर्या झा के कमरे से एक सुसाइड नोट, लैपटॉप, मोबाइल सहित अन्य सामान को अपने कब्जे में ले लिया है।

सुसाइड नोट में लिखा है कि, ह्लसॉरी मम्मी-पापा, आई कैन नॉट वर्कङ्क मुझे मेरे मन माफिक डिपार्टमेंट नहीं मिलाङ्कह्व। बता दें की डॉ आर्या झा मूल रूप से बिहार के समस्तीपुर जिला के गुरुआरा गांव की रहने वाली थी। सूचना मिलने पर आज (सोमवार) सुबह मृतका के पिता संजीव कुमार झा बोकारो सेक्टर चार थाना पहुंचे। उन्होंने इंस्पेक्टर संजय से मिलकर सभी कागजी कार्रवाई पूरी की और अपना बयान दर्ज करवाया। उन्होंने किसी पर कोई आरोप नहीं लगाया है। वे अपनी बेटी का बॉडी एंबुलेंस में लेकर समस्तीपुर चले गये।



## झारखंड विधानसभा में गूंजा विधि व्यवस्था का मामला, भाजपा ने की विशेष चर्चा की मांग

**रांची :** झारखंड विधानसभा के बजट सत्र का आज 10वां दिन है। सदन की कार्यवाही सुबह 11 बजे से शुरू हो गई। आज सदन में हाल के दिनों में झारखंड में विधि व्यवस्था से जुड़े कई मामले पर चर्चा को लेकर बाबूलाल मरांडी ने कार्यस्थगन लाया। भाजपा विधायकों ने वेल में हंगामा किया। इसको देखते हुए स्पीकर ने सदन की कार्यवाही 12:00 बजे तक के लिए स्थगित कर दी।

बता दें कि सदन में भाजपा विधायकों ने कहा कि हजारीबाग में एनटीपीसी के डीएम कुमार गौरव की हत्या हुई है। उससे पहले रांची में कोयला कारोबारी विपिन मिश्रा पर जानलेवा हमला हुआ था। जबकि रांची के चान्हों स्थित आश्रम में एक संत समेत दो लोगों की हत्या हुई थी। भाजपा विधायकों ने कहा कि राज्य में विधि व्यवस्था चौपट हो गई है। इस पर विशेष चर्चा करने की जरूरत है।

## मध्यप्रदेश के सीधी में भीषण सड़क हादसा,8 की मौत, 13 अन्य घायल

### एसयूवी में सवार होकर मुंडन में जा रहे थे 22 लोग



**सीधी:** मध्यप्रदेश के सीधी जिले में भीषण सड़क हादसा पेश आया है। यहां ट्रक और जीप में जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में जीप में सवार 8 लोगों की मौत हो गई जबकि 13 अन्य घायल हो गए। घायलों को इलाज के लिए रीवा अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार सीधी कोतवाली थाना क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 39 के सीधी से सिंगरौली मार्ग पर उपनी के पास नौ और दस मार्च की दरम्यानी रात्रि में हुए हादसे में सात लोगों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। एक अन्य यात्री की मृत्यु इलाज के दौरान हुई। मृतकों में पांच महिलाएं और तीन पुरुष शामिल हैं। सूत्रों ने कहा कि जीप में सवार 21 लोग सीधी जिले से मैहर जिले में धार्मिक यात्रा पर जा रहे थे, तभी सामने से आ रहे ट्रक से जीप टकरा गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और जीप में सवार लोगों को सीधी जिला अस्पताल लाया गया। गंभीर रूप से घायल कुछ लोगों को बेहतर इलाज के लिए रीवा भेजा गया है।

**सीएम यादव ने की राहत राशि की घोषणा:** मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने मृतकों और घायलों के लिए राहत राशि की घोषणा की है। डॉ यादव ने एक्स पोस्ट में कहा कि सीधी जिले के उपनी गांव के समीप एक भीषण सड़क दुर्घटना में मैहर माता के दर्शन करने जा रहे यात्री वाहन और ट्रक की भयानक टक्कर में आठ यात्रियों की असामयिक दर्दनाक मृत्यु का अत्यंत ही दुःखद समाचार मिला है। देर रात जिला एवं पुलिस प्रशासन के उच्च अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर स्थानीय नागरिकों की मदद से घायलों के इलाज का इंतजाम किया, साथ ही गंभीर घायल यात्रियों को रीवा रेफर किया गया है। उन्होंने कहा कि सड़क दुर्घटना में मृतकों के परिजन को मुख्यमंत्री स्वेच्छानुदान से 2-2 लाख रुपए की आर्थिक सहायता राशि, गंभीर घायलों को 1-1 लाख रुपए एवं सामान्य घायलों को 50-50 हजार रुपए की राशि स्वीकृत करने के निर्देश दिए हैं।

### कंटेनर ने कार को मारी टक्कर, पांच की मौत



**बस्ती:** उत्तर प्रदेश में बस्ती जिले के नगर थाना क्षेत्र में सोमवार सुबह कंटेनर की चपेट में आने से कार सवार पांच लोगों की मौत हो गई जबकि तीन अन्य गम्भीर रूप से घायल हुए हैं। पुलिस सूत्रों ने बताया कि बस्ती-अयोध्या राष्ट्रीय राजमार्ग पर गोटवा के समीप एक कार कन्टेनर से भिड़ गई। इस हादसे में कार सवार प्रेम चन्द्र पासवान निवासी ग्राम तरकुलही जसोपुर जनपद गोरखपुर,शिव राज निवासी ग्राम सबदेइया कला असमोली जनपद संभल, शकील, विश्व जीत के अलावा बहारन निवासी अज्ञात की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। तीन घायलों को इलाज के लिए भर्ती कराया गया है। जहां उनकी हालत नाजुक बनी हुई है। उन्होंने बताया कि प्रेम चन्द्र पासवान बड़े कारोबारी है। गुजरात में इनकी एक कंपनी है। मृतकों में सभी की उम्र 25 से लेकर 40 वर्ष के बीच है। लगातार गाड़ी चलाते हुए गुजरात से ये लोग आ रहे थे। ऐसे में आशंका है कि झपकी आने की वजह से ड्राइवर अलर्ट नही रह पाया और जोरदार की टक्कर हो गई।

### आईपीएल के पूर्व चेयरमैन ललित मोदी को बड़ा झटका

## वानुअतु के पीएम ने पासपोर्ट रद्द करने का दिया आदेश



**नई दिल्ली** :प्रशांत महासागर में स्थित द्वीपीय देश वानुआतु में बसने की उम्मीद लगाए बैठे इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के पूर्व चेयरमैन ललित मोदी को तगड़ा झटका लगा है। वानुआतु के प्रधानमंत्री जोथम नापत ने नागरिकता आयोग को निर्देश दिया है कि ललित मोदी को जारी किया गया वानुअतु का पासपोर्ट तत्काल प्रभाव से रद्द कर दिया जाए।

यह घटनाक्रम तब सामने आया है जब हाल ही में ललित मोदी ने लंदन स्थित भारतीय उच्चायोग में अपना भारतीय पासपोर्ट सरेंडर करने के लिए आवेदन किया था। विदेश मंत्रालय (एमईए) ने इस बात की पुष्टि की कि आईपीएल के संस्थापक ने भारतीय नागरिकता छोड़ने के लिए औपचारिक रूप से आवेदन किया है।

गौरतलब है कि ललित मोदी 2010 में भारत छोड़कर लंदन में रहने लगे थे। वानुआतु सरकार द्वारा पासपोर्ट रद्द करने का फैसला ललित मोदी के वानुअतु में बसने की योजनाओं के लिए एक बड़ी असफलता मानी जा रही है। अभी तक यह स्पष्ट नहीं है कि ललित मोदी आगे क्या कदम उठाएंगे, लेकिन यह घटनाक्रम निश्चित रूप से उनके भविष्य को लेकर कई सवाल खड़े करता है।

## चैंपियंस ट्रॉफी में भारत की जीत के जश्न के दौरान हिंसा, घर-दुकानें जलाईं, आर्मी ने संभाला मोर्चा

### मस्जिद के सामने दो गुट भिडे, आगजनी और पथराव, 4 घायल

**इंदौर :** भारतीय क्रिकेट टीम ने रविवार को तीसरी बार चैंपियंस ट्रॉफी का खिताब अपने नाम किया, जिसका जश्न देशभर में मनाया गया। हालांकि, मध्य प्रदेश के इंदौर में चैंपियंस ट्रॉफी में भारत की जीत का जश्न मनाने के दौरान हिंसा एक मामला भी सामने आया है। बताया जा रहा है कि दो गुटों के बीच हुए विवाद के बाद लोगों पर पथराव किया गया और गाड़ियों तथा दुकानों को आग लगा दी गई।

मामला इंदौर के महू का है। बताया जा रहा है कि रविवार रात भारतीय क्रिकेट टीम के चैंपियंस ट्रॉफी जीतने का जश्न मनाया जा रहा था। एक पक्ष का आरोप है कि कुछ नमाजी मस्जिद से नमाज पढ़कर निकल रहे थे। इसी दौरान किसी शरारती तत्व ने उन पर पटाखा फेंक दिया, जिसके कारण विवाद बढ़ गया। उनका आरोप है कि पहले हिंदू पक्ष की तरफ से पथराव किया गया।

स्थानीय निवासी मोहम्मद जावेद ने बताया कि जश्न के दौरान एक जुलूस निकाला जा रहा था। इस दौरान किसी ने नमाजियों की तरफ एक सुतली बम फेंका, जिससे मामला बढ़ गया।

उन्होंने कहा कि मुझे समझ नहीं आ रहा है कि यहां से जुलूस क्यों निकाला गया और उन्हें जुलूस निकालने की इजाजत मिली थी या नहीं। जहां तक



पथराव की बात की जाए तो यह घटना पुलिस की मौजूदगी में ही घटित हुई। दूसरे पक्ष के लोगों ने पुलिस के सामने ही पथराव करना शुरू कर दिया।

वहीं, महू विधायक उषा ठाकुर ने मौके पर पहुंचकर हालात का जायजा लिया। उन्होंने मीडिया से बात करते हुए बताया कि मुझे महू की घटना देशविरोधी का परिचय दिखती है। भारतीय क्रिकेट टीम की जीत का जश्न मनाया जा रहा था, तभी अल्पसंख्यक समाज की बस्तियों से पथराव किया गया। इस दौरान जानबूझकर रास्ता भी डायवर्ट किया गया। मुझे लगता है कि यह एक सुनियोजित षडयंत्र था। गाड़ियों में आग लगाई गई और सीसीटीवी को भी नष्ट किया गया।

उन्होंने कहा, महू की घटना देशविरोधी है, क्योंकि अचानक वहां इतना पत्थर जमा हो गया और इसके बाद पथराव भी किया गया। पुलिस ने इस मामले में कठोर कार्रवाई की है और करीब 13 लोग गिरफ्तार भी हुए हैं। मेरी मुख्यमंत्री से भी बात हुई है, उन्होंने आश्वासन दिया है कि राष्ट्रविरोधी मानसिकता वाले लोगों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

पुलिस अधिकारी ने मीडिया से बातचीत में बताया कि भारतीय क्रिकेट टीम की जीत को लेकर एक जुलूस निकाला गया था। इस दौरान दो पक्षों में विवाद हुआ और तभी कुछ अराजक तत्वों ने पथराव किया। साथ ही आगजनी भी की गई। इस मामले में जांच की जा रही है और पुलिस एफआईआर दर्ज कर रही है।

इंदौर के कलेक्ट्रेट आशीष सिंह ने बताया कि महू में शांति स्थापित कर दी गई है और लोगों से अपील की जा रही है। इसके साथ ही इस घटना में शामिल दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

उन्होंने कहा कि चार लोगों के घायल होने की जानकारी मिली है। पता चला है कि कुछ बाइक की दुकानों को जलाया गया है। इसके अलावा मामले में जांच चल रही है। फिलहाल इंदौर के महू इलाके में हालात सामान्य हैं। साथ ही महू में कई फोर्स को भी तैनात किया गया है और इस मामले में जांच की जा रही है।

# सांसद संजय सेठ के आवास पर होली मिलन समारोह का आयोजन, आपसी एकजुटता का दिया संदेश



**संवाददाता**

**रांचीः** रंगों का त्योहार होली नजदीक है, और राजधानी रांची में भी होली की रंगत छा गई है। इसी अवसर पर केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री सह रांची सांसद संजय सेठ के आवास पर भव्य होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। हर साल की तरह इस बार भी बड़ी संख्या में लोग इस आयोजन में शामिल हुए।

एकता और अखंडता की प्रतीक- संजय सेठः केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने इस अवसर पर कहा कि सनातन धर्म का सबसे बड़ा पर्व होली मिलन समारोह एकता और अखंडता की मिसाल है। यह त्योहार विश्वभर में भाईचारे और सौहार्द का संदेश देता है। जैसे जीवन में अनेक रंग होते हैं, वैसे ही होली के रंग हमें आनंद और उमंग से भर देते हैं।

उन्होंने कहा कि यह त्योहार प्रेम और सौहार्द का प्रतीक है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश आगे बढ़ रहा है और प्रयागराज में कुंभ स्नान में 68 करोड़ लोगों की भागीदारी इसका उदाहरण है। प्रधानमंत्री का संदेश है कि हमें अपने खान-पान में मोटे अनाज को शामिल करना चाहिए, जिससे हमारा स्वास्थ्य बेहतर बना रहे।

**सांस्कृतिक कार्यक्रम :** इस अवसर पर फूलों की होली और गुलाल-अबीर से सराबोर होली मिलन समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया। भजनों और होली गीतों के साथ हास्य कविताओं ने माहौल को और उल्लासमय बना दिया। कलाकारों ने राधा-कृष्ण के रूप में नृत्य प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। वहीं, कार्यक्रम में मोटे अनाज से बने स्वादिष्ट व्यंजनों का भी आनंद लिया गया।

**उपस्थित गणमान्य लोगः** इस कार्यक्रम में नगर विधायक सीपी. सिंह, हटिया विधायक नवीन जयसवाल, सुदेश महतो, रमेश सिंह, संजीव विजयवर्गीय, मुकेश काबरा, राज वर्मा, ऐश्वर्य सेठ, प्रमोद सारस्वत, भीष्म सिंह, मनोज तिवारी, नीरज चौधरी, बिंदेश्वर प्रसाद, सुरेश पांडेय, ललन श्रीवास्तव, संजय जयसवाल, ललित ओझा, डॉ. रवि भट्ट, नंदकिशोर अरोड़ा, रविंदर मोदी, बलराम सिंह, संजीव चौधरी, सतीश सिन्हा, कमलजीत सिंह संटी, संजय पोद्दार, कुमुद झा, जितेंद्र वर्मा, राजू सिंह, बसंत मित्तल, संतोष सेठ, अमित चौधरी, महेश पोद्दार, आदित्य मल्होत्रा, नवजोत अलंग, किशन साबू, पवन मंत्री, सुरेश सिंह, हरेंद्र सिंह, शशि सिंह, बिरंचि साव, अशोक मुंडा, ओम प्रकाश पांडेय, सोमरा उरांव, नीलम सिंह, एच. डी. सिंह, आनंद श्रीवास्तव, संजय सराफ सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## संजय सेठ के होली मिलन समारोह में शामिल हुए धनपति महतो



**सिल्ली :** रक्षा राज्य मंत्री सह रांची के सांसद संजय सेठ द्वारा आवासीय कार्यालय पर होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इसमें नरेंद्र विचार मंच युवा शाखा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह सिल्ली विस के पूर्व प्रत्याशी समाजसेवी धनपति महतो शामिल। सांसद श्री सेठ ने होली की बधाई दी और उन्हें गुलाल भी लगाया। कार्यक्रम दिन के 11 से दोपहर 2 बजे तक चला। जिसका नाम हास्यमेव जयते रखा गया था । इस अवसर पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम, भजन, होली गीत सहित हास्य कविताओं की प्रस्तुति हुई। लोगों ने मोटे अनाज के बने व्यंजनों का लोग लुफ्त उठाया।

## होली को लेकर डोमचांच थाना परिसर में शांति समिति की बैठक



**मेट्रो रेज संवाददाता**

**डोमचांचः** होली और रमजान त्योहार को लेकर डोमचांच थाना परिसर में दिन रविवार को शांति समिति की बैठक थाना प्रभारी ओम प्रकाश कुमार की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में शांतिपूर्ण तरीके से होली और रमजान मनाने के लिए हिंदू और मुस्लिम समाज के लोगो ने अपने अपने सुझाव दिए। बैठक में सर्वसम्मति से शांतिपूर्ण तरीके से होली मनाने, सड़क पर मनचलों युवकों पर शिकंजा कसने, अवैध महुआ शराब के खिलाफ अभियान चलाने के बारे में विचार विमर्श किया गया। इस दौरान लोगो ने हिंदू और मुस्लिम धर्म के लोग आपसी भाईचारा के साथ त्योहार मनाने की बात कही। थाना प्रभारी ओम प्रकाश ने त्योहार में प्रबुद्ध लोगो से सहयोग की अपील किया। उन्होंने कहा की त्योहार को लेकर अवैध महुआ शराब के विरुद्ध छापेमारी किया जायेगा। हुड़दंगियों में पुलिस की पैनी नजर रहेगी। त्योहार में पुलिस और सजग तरीके से काम करेगी। उन्होंने कहा की त्योहार में असमाजिक तत्वों पर कड़ी नजर रखी जायेगी। सोशल मीडिया पर भी पुलिस पैनी नजर रख रही है। कोई भी सोशल मीडिया पर भ्रम फैलाने की कोशिश करेगी उसपर कड़ी कार्रवाई की जायेगी। मौके पर बीस सूत्री उपाध्यक्ष कोडरमा लीलावती मेहता, शांति प्रिया, महेंद्र वर्मा, मुखिया उमेश यादव, सुरेश कुमार, राजेंद्र यादव, मुखिया ममता देवी, शंकर दास, सुजीत कुमार, अमरदीप कुमार, डॉ दिलीप कुमार, हाजी मुस्लिम, राज कुमार यादव, कंचन सिंह, प्रदीप सिंह, संजय सिंह, सुजीत कुमार व अन्य मौजूद थे।

## विदेश में बैठकर झारखंड में अपराधिक गिरोह चला रहे अपराधियों पर नकेल कसे सरकारः प्रतुल शाहदेव



**रांचीः** झारखंड में भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने विधि-व्यवस्था की गिरती स्थिति पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए राज्य सरकार से मांग की है कि वह विदेश में बैठकर झारखंड में आपराधिक घटनाओं को अंजाम दे रहे अपराधियों पर नकेल कसे। शाह ने कहा कि हाल के दिन में झारखंड के 6 - 7 जिले, जहां कोयला का प्रोडक्शन और ट्रांसपोर्टेशन होता है, वहां अपराधिक घटनाओं में लगातार वृद्धि हुई है। लेवी और एक्सटॉर्शन के चलते विदेश में बैठे अपराधी झारखंड में अपने गुर्गों से घटनाओं को अंजाम देकर दहशत पैदा करते हैं। शाह ने कहा कि हजारीबाग में 2 वर्ष पूर्व भी कोयला से जुड़ी एक कंपनी के जी एम की हत्या कर दी गई थी। अब एनटीपीसी के डीजीएम की हत्या हुई। रांची के भीड़ भाड़ वाले इलाके में कोयला व्यापारी पर हमला होता है। उसके अतिरिक्त अपराधी अलग जिलों में कोयला साइडिंग पर लगातार गोली चला कर दहशत फैला रहे हैं। प्रतुल ने कहा आज के दिन में संगठित अपराध पुलिस के लिए झारखंड में नक्सलवाद की तरह बड़ी समस्या बन गई है।

### इरफान अंसारी ने जामताड़ा में महिला डिग्री कॉलेज की रखी आधारशिला, कहा-

## किसी भी हालत में बेटियों की पढ़ाई नहीं रूकेगी



**संवाददाता**

**रांची/जामताड़ाः** झारखंड सरकार के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने जामताड़ा जिले के कमार्टांड़ प्रखंड के बगरुडीह में महिला डिग्री कॉलेज की आधारशिला रखी। यह ऐतिहासिक पहल क्षेत्र की बेटियों को उच्च शिक्षा के लिए नए अवसर प्रदान करेगी। कॉलेज के शिलान्यास समारोह में हजारों की संख्या में स्थानीय लोग, जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता एवं छात्राएं उपस्थित रहीं।

**हेमंत सोरेन की सरकार बेटियों के सशक्तिकरण के लिए निरंतर प्रयासरत :** शिलान्यास कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री डॉ. अंसारी ने कहा, अब हमारी बेटियों को उच्च शिक्षा के लिए बंगाल, धनबाद या अन्य जगहों का रुख नहीं करना पड़ेगा। मैं हमेशा से बेटियों की शिक्षा के प्रति संकल्पित रहा हूं और उन्हें हरसंभव सुविधा देने के लिए प्रतिबद्ध हूं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की सरकार बेटियों के सशक्तिकरण के लिए निरंतर प्रयासरत है। 'मैया सम्मान योजना के बाद अब शिक्षा के क्षेत्र में भी बेटियों को सम्मान देने का कार्य किया जा रहा है। किसी भी परिस्थिति में हमारी बेटियों की पढ़ाई नहीं रुकेगी।

**अब बेटियों को घर के पास ही गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिलेगीः** मंत्री डॉ. अंसारी ने कहा, शिक्षा से ही सशक्त समाज का निर्माण संभव है, और मैं इस लक्ष्य को पूरा करने के लिए कृतसंकल्प हूं। यह महिला डिग्री कॉलेज केवल जामताड़ा ही नहीं, बल्कि दुमका, देवघर, गिरिडीह, धनबाद और बंगाल की छात्राओं के लिए भी उच्च शिक्षा का केंद्र बनेगा। ग्रामीण इलाकों की कई बेटियां संसाधनों के अभाव में पढ़ाई बीच में छोड़ देती थीं, लेकिन इस कॉलेज के शुरू होने से अब उन्हें घर के पास ही गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिलेगी। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि जामताड़ा विधानसभा क्षेत्र के समग्र विकास के लिए वे लगातार कार्य कर रहे हैं। शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क और रोजगार के क्षेत्र में अनेक योजनाएं चलाई जा रही हैं।

## मोदीडीह में सरना झंडा गाड़ने के कार्यक्रम का आयोजन





**संवाददाता**

**मुरीः** एक साल के उपरांत मोदीडीह तालाब के पास सरना विधि से सरना झंडा गाड़ने का आयोजन किया गया। पाहन प्राण मुंडा द्वारा बास में सिंदूर लगाया गया, गड्डे में चावल, पानी डाला गया,फिर जय धर्मेश,जय धरती मां,जय सरना के जय धोष के साथ सरना झंडा को गडा गया। फिर सभी सरना बहनों ने लोटा में जल उठा कर गांव की पगडंडी से जल यात्रा करते हुए गांव के सरना स्थल पहुंचे और वहां प्रार्थना किया गया। गांव के मुखिया लालू राम उरांव ने कहा कि हरेक साल 9 मार्च को सरना झंडा को नये सिरे से गांव में गाडा जाता है ताकि साल भर गांव में एवं प्रत्येक व्यक्ति को सुख समृद्धि मिलें और विपदा , कांटा छापा से बचाव हो। ऐसा हमारे गांव का परम्परा है मुखिया होने के नाते पुरी जिम्मेदारी मेरी है। कार्यक्रम में महिलाओं ने पारंपारिक तरीके से सरना स्थल पर प्रार्थना एवं गांव के परम्परा रीति रिवाज के अनुसार सारा कार्यक्रम को चलाया ।जो देर शाम तक चला। शाम को गांव के लोगों के बीच प्रसाद में खिचड़ी बनाकर वितरण किया गया।

### बाहा पर्व में परिवार संग शामिल हुए पूर्व सीएम चंपाई सोरेन, बोले-

## संस्कृति के साथ समाज को भी बचाना है



**जमशेदपुरः** जिले के परसुडीह के करनडीह स्थित दिशोम जाहेर स्थान में 'बाहा पर्व' का आयोजन किया गया था. झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा विधायक चंपाई सोरेन अपने परिवार के साथ पारंपरिक वेशभूषा में इस कार्यक्रम में शामिल हुए. यहां पूजा- अर्चना करने के बाद चंपाई सोरेन सखुआ के फूल को कान में लगाया और बाहा पर्व का आनंद लिया.

**बाहा पर्व के बारे में जानकारी देते चंपाई सोरेन :** साथ ही हजारों की संख्या में आदिवासी समाज की महिलाएं और पुरुषों ने बाहा पर्व में हिस्सा लिए. बाहा में पारंपरिक वेशभूषा में ढोल नगाड़ा की धुन पर नृत्य करते हुए महिला और पुरुषों ने नायक बाबा को सम्मानपूर्वक उनके घर पहुंचाया. बता दें कि बाहा में सखुआ के फूल का महत्व होता है. सखुआ के पेड़ की पूजा करते हैं. सखुआ के फूल को महिलाएं अपने सिर पर लगाकर उत्सव मनाती है.

इस मौके पर विधायक चंपाई सोरेन ने बाहा पर्व में सखुआ के फूल के महत्व को बताया है. उन्होंने कहा कि जैसे सखुआ का फूल सूख जाने के बाद भी उसका रंग बदलता नहीं है, वैसे ही हमारे समाज में भी अपनी संस्कृति और परंपरा बरकरार रहे और आपसी भाई चारा बनी रहे.

सखुआ के पेड़ की पूजा की जाती है. प्रकृति की पूजा करने वाले समाज का यह मानना है कि प्रकृति सुरक्षित रहेगी तभी मानव जीवन भी सुरक्षित रहेगा. आज की युवा पीढ़ी शिक्षा प्राप्त करने के लिए अपने शहर से बाहर जाते हैं, लेकिन अपने त्योहारों में जरूर भाग लेते हैं. इससे उन्हें अपनी परंपरा और संस्कृति को समझने और उसे आगे बढ़ाने में मदद मिलती है. हमें अपनी संस्कृति के साथ समाज को भी बचाना है।

## पूर्व विधायक अंबा प्रसाद का नया अंदाज, नृत्य के जरिए महिलाओं को किया प्रेरित,खूब मिला प्यार



**रांची :** भागदौड़ भरी जिंदगी में लोग अक्सर अपने हुनर को भूल जाते हैं, लेकिन पूर्व विधायक अंबा प्रसाद ने महिला दिवस के मौके पर एक खास संदेश दिया है। उन्होंने नृत्य के जरिए महिलाओं को प्रेरित किया और अपने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट साझा किया, जिसे लोग खूब पसंद कर रहे हैं।

**महिला दिवस पर खास अपीलः** अंबा प्रसाद ने अपने पोस्ट में महिलाओं से अपने हुनर को न छोड़ने की अपील की। उन्होंने नृत्य की एक झलक दिखाते हुए कहा ये नृत्य है नारी के संघर्ष और शक्ति की कहानी, हर लय, हर ताल में उसके हौसले की रवानी। इस पोस्ट को देखकर उनके समर्थक और अन्य लोग भी उनके इस नए अंदाज की तारीफ कर रहे हैं।

**महिलाओं को आगे बढ़ने की प्रेरणाः** समाज में अक्सर महिलाओं को उनके सपनों से पीछे हटने पर मजबूर किया जाता है। ऐसे में अंबा प्रसाद ने अपने हुनर के जरिए महिलाओं को प्रेरित करने की कोशिश की है ताकि वे अपने सपनों को पूरा कर सकें। उनकी यह पोस्ट सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही है और लोग इसे खूब सराह रहे हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### प्रगतिशील विश्वकर्मा सेवा समिति का होली मिलन समारोह



**रांची:** प्रगतिशील विश्वकर्मा सेवा समिति के तत्वावधान मे प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी बहुत ही धूमधाम से होली मिलन समारोह रीता श्री बैंक्विट हॉल (पीएचडी। पानी टंकी बूटी मोड़ के निकट)मनाया गया। इस होली मिलन समारोह में रांची जिले के हर कोने से विश्वकर्मा बंधुगण,गणमान्य लोग एवं छात्र क्लब ग्रुप एवं विश्वकर्मा युवा सुरक्षा मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिव किशोर शर्मा,संरक्षक सूरज कुमार मिश्रा,झारखंड प्रदेश विश्वकर्मा समाज रांची जिला के पूर्व अध्यक्ष संतोष कुमार शर्मा,पूर्व सचिव मनोज विश्वकर्मा,मुख्य सलाहकार दीपक राणा,अशोक शर्मा व अन्य मौजूद थे। कार्यक्रम के दौरान समाज के सभी लोगों ने एक दूसरे को रंग अबीर लगाकर रंगों का त्योहार होली की शुभकामनाएं दिए।मशहूर मां तारा जागरण मंडली के कलाकार रमेश तिवारी,जया सिंह,मधु सिंह द्वारा

होली कनक भवन में,बाज रहे पैजानिया छमाछम, गोरिया करके श्रृंगार आदि आदि फगुआ गीत प्रस्तुत की गई,इस गीत पर सभी श्रद्धालुगण जमकर नाचे,गाए एवं थिरके।कार्यक्रम को सफल बनाने मे मुख्य रूप से प्रगतिशील विश्वकर्मा सेवा समिति का अध्यक्ष अवधेश शर्मा,सचिव अरविंद शर्मा,कोषाध्यक्ष शशि भूषण शर्मा,कार्यकारी अध्यक्ष नंदू शर्मा,उपाध्यक्ष रितेश कुमार शर्मा, उपसचिव वीरेंद्र शर्मा,कोषाध्यक्ष हरि किशोर शर्मा,उप कार्यकारी अध्यक्ष अजीत शर्मा,मीडिया प्रभारी जितेंद्र शर्मा,सह मीडिया प्रभारी करण शर्मा,योगेश शर्मा,सुबोध कुमार शर्मा आदि ने महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### उच्च न्यायालय में विरोध जारी

**रांची:** आज भी झारखंड उच्च न्यायालय में कोलेजियम सदस्य न्यायमूर्तिगण का विरोध जारी रहा। सरकार की ओर से महाधिवक्ता के निर्देश पर सरकारी अधिवक्ता न्यायालय कक्ष में अपनी उपस्थिति दर्ज कराने पहुंचे, एडवोकेट्स एसोसिएशन के सदस्यों द्वारा न्यायालय कक्ष के बाहर सभी अधिवक्तागण से निवेदन व थोड़ी तकरार के बीच न्यायालय कक्ष में प्रवेश करने से रोक दिया गया ।

### होली के लिए स्पेशल ट्रेन



**रांची:** रांची -जयनगर होली स्पेशल 12 मार्च को चलेगी। वहीं जयनगर रांची होली स्पेशल 13 मार्च को जयनगर से दोपहर 12 बजकर 10 मिनट पर रांची के लिए रवाना होगी।

### आयुष्मान पोर्टल में बदलाव से मरीजों को हो रही परेशानी

**रांची:** झारखंड के किडनी बीमारी से पीड़ित मरीज इन दिनों आयुष्मान पोर्टल के बदलाव की वजह से परेशानियों से जूझ रहे हैं। खासकर जिन्हें डायलिसिस की जरूरत है। उन्हें चार घंटे डायलिसिस के अलावा दो घंटे आयुष्मान के लिए रजिस्ट्रेशन और डिस्चार्ज कराने की प्रक्रिया से भी गुजरना पड़ रहा है। बताते चलें कि रांची में हर दिन करीब 400 में से 300 मरीज आयुष्मान से डायलिसिस कराते हैं। जबकि, पूरे राज्य में हर दिन लगभग एक हजार मरीज डायिलिसि कराते हैं इनमें 700 आयुष्मान से कराते हैं। बदलाव से क्या हो रही है परेशानीः आयुष्मान के रजिस्ट्रेशन पोर्टल में झारखंड में ही बदलाव हुआ है। बिहार व अन्य पड़ोसी राज्यों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। पहले महीने में 12 डायलिसिस के लिए मरीजों को पोर्टल में एक बार ही रजिस्ट्रेशन कराना पड़ता था। आम तौर पर मरीजों को सप्ताह में अधिकतम तीन दिन ही डायलिसिस की जरूरत होती है। ऐसे में उन्हें परेशानी नहीं होती थी। मगर अब पोर्टल में बदलाव के बाद हर दिन डायलिसिस कराने आने पर मरीजों को भर्ती और डिस्चार्ज कराना पड़ रहा है।

**सीएम से लेकर पीएम को भी कराया गया अवगतः** पोर्टल में बदलाव किए जाने के कारण रिम्स, सदर सहित राज्य के लगभग सभी अस्पतालों में यह परेशानी हो रही है। कई बार तो अप्रूवल आने में काफी देर होती है इससे भी मरीज परेशान रहते हैं। इसको लेकर पारस हॉस्पिटल सहित अन्य अस्पतालों की ओर से स्वास्थ्य मंत्री, मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर इस विषय पर अवगत कराया गया है।

### अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन



**रांची:** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर संत रविदास कल्याण समिति एवं संत रविदास महिला समिति के तत्वावधान में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया। जिसमें मोहल्ले की सभी महिलाएं एवं पंचायत के सभी पदाधिकारी उपस्थित रहे। जिसमें मुख्य रूप से हमारे चौधरी टिंकू राम, उप चौधरी रंजीत राम, सचिव संतोष राम, संरक्षक शिवनारायण राम ,कोषाध्यक्ष श्याम कृष्ण राम, उप चौधरी मोहन राम और मुन्नाराम सूचना अधिकारी एवं महिला समिति के अध्यक्ष भानु देवी, शिवानी देवी, अध्यक्ष के रूप में उपस्थित रहे। उपाध्यक्ष के रूप में रीना देवी रानी देवी लक्ष्मी देवी बीना देवी एवं कोषाध्यक्ष कुसुम देवी माधुरी देवी लक्ष्मी देवी तथा सचिव सुधन देवी शकुंतला देवी, प्रमिला देवी, संगठन सचिव पूनम देवी, रंजू देवी, मीडिया प्रभारी उर्मिला देवी, प्रतिभा देवी एवं सूचना अधिकारी के रूप में महिलाओं का रुक्मिणी देवी, बुधनी देवी मुख्य रूप से इस कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। सभी महिलाओं को पंचायत के पदाधिकारी द्वारा फूल माला से सम्मानित किया गया, फूलों की वर्षा की गई एवं अभिवादन किया गया, कि इस संगठन को समाज के हित के लिए प्रेरित करके विकास के काम को करेंगे, इस कार्यक्रम को संचालित शीशा संस्थान के नॉर्थ इंडिया के मैनेजर स्वाति मालाकार ,नैना कुमारी, पूनम नाग, काजल कुमारी, पायल कुमारी मोहित का एवं अमन कुमार, सुहैल राम उपस्थित रहे।

## डीजीपी अनुराग गुप्ता का बड़ा बयान

# राज्य के जेल में बंद तीन बड़े गिरोह देते हैं घटना को अंजाम

संवाददाता



**रांची :** झारखंड विधानसभा के प्रश्नकाल की कार्रवाई हंगामे की भेंट चढ़ गई। वहीं, दूसरी ओर विधानसभा के बाहर राज्य के डीजीपी के बयान से ज्यादा सनसनी मच गई है। डीजीपी अनुराग गुप्ता ने स्वीकारा है कि झारखंड में जितने भी क्राइम हो रहे है, उसमें ज्यादातर प्लानिंग जेल के अंदर से हो रहे है। झारखंड पुलिस लगातार प्रयासरत है कि जेल के अंदर से हो रही प्लानिंग को रोके। कुछ अपराधियों को जेल भी ट्रांसफर करवाया गया है। झारखंड पुलिस लगातार जेल में छापेमारी कर रही है।

**अपराध के पीछे तीन बड़े गैंग का हाथः** डीजीपी अनुराग गुप्ता ने कहा कि झारखंड में हो रही घटनाओं के पीछे तीन बड़े गैंग का हांथ है। जिसमें अमन साहू, अमन श्रीवास्तव और विकास तिवारी शामिल है। तीनों गैंग जेल से अपराध की प्लानिंग कर रहे है। उन्होंने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि यह तीनों गैंग वर्चुअल नंबर बनाकर विदेशी नंबर से खुद व्हाट्सअप कॉलिंग करते है। झारखंड पुलिस के पास इन नंबरों को पकड़ने के लिए टेक्निकल लिमिटेशन है। फिर भी झारखंड पुलिस प्रयासरत है।

**रांची की घटना का बहुत जल्द होगा खुलासाः** डीजीपी ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि रांची की वारदात में अपराधियों की पहचान हो गई है। जल्द ही पुलिस अपराधियों को गिरफ्तार कर जेल भेजने का काम करेगी। रांची पुलिस की टीम लगातार छापेमारी कर रही है। उम्मीद है कि दो से तीन दिन में पूरे मामले का खुलासा हो जायेगा।

**हजारीबाग घटना के पीछे की कहानी स्पष्ट नहीं:** उन्होंने कहा कि हजारीबाग की घटना के पीछे की कहानी अभी तक स्पष्ट नहीं हो सकी है। पुलिस की टीम लगातार घटना के बाद से छापेमारी कर रही है। इस मामले मे एसआईटी का गठन किया गया है। एसआईटी लगातार मामले का खुलासा करने के लिए प्रयासरत है।

**बीएनएस की धारा 111 के तहत अमन साहू के 30 गुर्गों पर प्राथमिकीः** डीजीपी ने कहा कि बीएनएस की धारा 111 के तहत अमन साहू के 30 गुर्गों पर रविवार को प्राथमिकी दर्ज हुई है। एटीएस एसपी ऋषभ झा को निर्देश दिया है कि जल्द सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजें।

### दो अलग-अलग सड़क हादसे में तीन की मौत



**रांची:** राज्य में अलग-अलग जिलों में हुए भीषण सड़क हादसे में 3 लोगों की मौत हो गई है। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं, पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

दो अलग-अलग सड़क हादसों में 3 लोगों की मौतः दुमका के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के बाबूपुर के पास देर रात एक रिसेप्शन पार्टी में शामिल होने के बाद घर लौट रहे बाइक सवार को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। दूसरी घटना रामगढ़ थाना क्षेत्र के धावा टॉड के पास की है, जहां बाइक और ऑटो की टक्कर हो गई। इस घटना में बाइक सवार 3 लोग घायल हो गए। घायलों को इलाज के लिए फूलो झानो मेडिकल कॉलेज अस्पताल लाया गया, जहां इलाज के दौरान 2 की मौत हो गई।

## मानहानि मामला

# राहुल गांधी को सशरीर उपस्थिति से छूट नहीं देने के खिलाफ दायर याचिका पर हुई सुनवाई

**रांची:** मानहानि मामले में चाईबासा स्थित एमपी/एमएलए की विशेष अदालत में कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी को सशरीर उपस्थिति से छूट नहीं देने के खिलाफ दायर याचिका की सुनवाई झारखंड हाईकोर्ट में हुई। मामले में कोर्ट ने प्रार्थी राहुल गांधी के आग्रह को देखते हुए याचिका वापस लेने की अनुमति दे दी। साथ ही कोर्ट ने राहुल गांधी को अंतरिम राहत के तहत चाईबासा की निचली अदालत में उनके खिलाफ चल रही कार्रवाही पर लगी रोक को भी समाप्त कर दिया। मामले में अगली सुनवाई 9 जून को होगी।

**क्या है मामला :** यह मामला वर्ष 2018 का है। भारतीय जनता पार्टी को लेकर राहुल गांधी द्वारा आपत्तिजनक टिप्पणी की गई थी, राहुल गांधी ने वर्ष 2018 में कांग्रेस के एक अधिवेशन में कहा था कि भाजपा में कोई भी हत्यारा अध्यक्ष बन सकता है, लेकिन कांग्रेस में ऐसा नहीं है। जिसे लेकर भाजपा के नेता प्रताप कटियार ने चाईबासा कोर्ट में मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी की अदालत में शिकायतवाद दायर किया था। बाद में मामले को चाईबासा में एमपी/ एमएलए कोर्ट में इसे ट्रांसफर कर दिया गया था।

## पांच साल के अफनान अहसन ने रखा पहला रोजा

मेट्रो रेज



**रांची:** पारस टोली डोरंडा रांची अहसन करीम का 5 साल का पुत्र अफनान अहसन ने अपना पहला रोजा रखा हैं! बच्चा अलाउंस ड्रीमकैचर्स स्कूल का कक्षा प्रेप में पढ़ता हैं बच्चे ने रोजा रखने के सेहरी में बड़ो की तरह उठ कर नियम के अनुसार सेहरी कर रोजा रखा! बच्चे के इस जज्बे से सभी लोग खुश हैं

## सरकार ने अपने कर्मियों के बच्चों को शिक्षा भत्ता देने से हाथ किया खड़ा

मेंट्रो रेज



**रांची:** राज्य सरकार ने अभी अपने कर्मियों के बच्चों की शिक्षा के लिए किसी प्रकार का भत्ता देने से हाथ खड़ा कर दिया है। बता दें कि विधायक जनार्दन पासवान ने जारी बजट सत्र के दौरान सोमवार को वित्त विभाग से पूछा था कि झारखंड में केंद्र सरकार के अनुरूप सरकारी कर्मियों के लिए सप्तम वेतनमान लागू है। इस पर विभाग की ओर से इसे स्वीकारात्मक बताया गया। विधायक ने पूछा कि सप्तम वेतनमान में भारत सरकार के कर्मियों को दो बच्चों के लिए चिल्ड्रेन एजुकेशन एलाउंस प्रति बच्चा 2230 रुपया निर्धारित किया गया है? विभाग ने इसे स्वीकारात्मक बताते हुए कहा कि दो जीवित संतान के लिए चिल्ड्रेन एजुकेशन एलाउंस की प्रतिपूर्ति के लिए 2250 रुपए प्रतिमाह प्रति संतान दिया जाता है।

तमिलनाडु के सरकारी सेवकों को चिल्ड्रेन एजुकेशन एलाउंस की सुविधा केन्द्र सरकार के अनुरूप अनुमान्य होने तथा यूपी, नागालैंड, केरल और हरियाणा में भी चिल्ड्रेन एजुकेशन एलाउंस दिया जा रहा है? इस सवाल पर बताया गया कि तमिलनाडु में ऐसा हो रहा है। यूपी, नागालैंड सहित अन्य राज्यों में यह भत्ता अलग-अलग स्वरूप और दर पर अनुमान्य है। झारखंड के कर्मियों के बच्चों की शिक्षा के लिए भत्ते के सवाल पर बताया गया कि कर्मियों को इस भत्ते के लिए अनुमान्य करने संबंधित सरकारी आश्वासन संख्या-28/2024 पर वित्त विभागीय पत्रांक 161/वि, दिनांक 21-1-2025 द्वारा झारखंड विधानसभा सचिवालय को कार्यान्वयन प्रतिवेदन उपलब्ध कराया गया है। इस प्रतिवेदन में वर्तमान में कई नयी योजनाओं के कारण राजकोष पर अतिरिक्त बोझ उत्पन्न होने की बात कही गई है। दृष्टिपथ भविष्य में जब राजकोष पर अतिरिक भार बोझ कम होगा, तब राज्यकर्मियों को यह भत्ता अनुमान्य करने पर विचार किया जायेगा।

## श्री राधा- कृष्ण सेवा धाम मंदिर में महाप्रसाद का आयोजन

मेट्रो रेज



**रांची:** श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट द्वारा संचालित पुंदाग मे श्री कृष्ण प्रणामी मंगल राधिका सदानंद सेवा धाम में 197वें श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा सेवा महाप्रसाद का आयोजन किया गया है। महाप्रसाद में 101 किलोग्राम की केसरिया मेवा युक्त खीर का भोग भगवान श्री राज श्याम जी को विधिवत भोग पुजारी अरविंद पांडे द्वारा लगाया गया। तथा पूरे विधि विधान से पूजा- अर्चना एवं आरती की गई। आज का महाप्रसाद जमशेदपुर निवासी स्मृतिशेष श्याम सुंदर गोयल की पुण्य स्मृति में उनकी धर्म पत्नी रेणु गोयल उनके पुत्र रोहित गोयल व पुत्रवधू रितु गोयल एव समस्त गोयल के सौजन्य से किया गया। मंदिर परिसर में उपस्थित 1500 सौ से भी अधिक श्रद्धालुओं के बीच महाप्रसाद भोग का वितरण किया गया। तत्पश्चात भजन- कीर्तन का आयोजन किया गया। ट्रस्ट के भजन गायक मनीष सोनी,विभोर डाला, निर्मल जालान, सज्जन पाडिया एव पूरणमल सर्राफ ने अपने मनमोहक सुमधुर भजनों की अमृत गंगा का रसपान कराते हुए श्रोताओं को खूब झुमाया। तथा पूरा वातावरण को कृष्णमय एवं भक्तिमय बना दिया। ट्रस्ट के प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी संजय सर्राफ ने बताया कि संस्था द्वारा श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम श्री राधा कृष्ण मंदिर परिसर मे आज 197 वें अन्नपूर्णा सेवा महाप्रसाद का आयोजन था।आज सुबह से ही श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। तथा भगवान श्री राधा कृष्ण मंदिर मे लगभग 3 हजार से भी अधिक श्रद्धालुओं ने दर्शन किए। इस अवसर पर-ट्रस्ट के अध्यक्ष डुंगरमल अग्रवाल, उपाध्यक्ष निर्मल जालान, राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल, सचिव मनोज चौधरी, पूरणमल सर्राफ,संजय सर्राफ, विशाल जालान ,सुरेश भगत, सुरेश अग्रवाल, विजय अग्रवाल, विष्णु सोनी, मनीष सोनी, नंदकिशोर चौधरी, पवन पोद्दार,शिव भगवान अग्रवाल,विधा देवी अग्रवाल,शोभा जालान,महेश वर्मा मनोज कुमार पंडित,चन्द्रदीप साहु,हरीश कुमार,परमेश्वर साहु, धीरज कुमार गुप्ता,अशोक ठाकुर, सुधीर कुमार, सत्यम कुमार सहित बड़ी संख्या में महिलाएं, पुरुष उपस्थित थे।

### राज्य कर्मी स्वास्थ्य बीमा योजना के लिए ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया शुरू

**रांची:** राज्य कर्मी स्वास्थ्य बीमा योजना के तहत कर्मियों के लिए ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया शुरू हो गई है। स्वास्थ्य बीमा योजना के लिए 30 अप्रैल तक नामांकन कर सकते हैं। जिन कर्मियों ने 30 अप्रैल तक नामांकन नहीं कराया उन्हें इस योजना का लाभ नहीं मिलेगा।

बीमा योजना का लाभ लेने के लिए ऑनलाइन आवेदन करना होगा। पोर्टल पर अपना पंजीकरण कराना होगा। पूर्व में आवेदन कर चुके पात्र तथा नए पात्र कर्मियों दोनों को ऑनलाइन आवेदन करना होगा। पहले चरण में राज्य कर्मियों का ही नामांकन होगा, जिनके लिए योजना 1 मार्च से लागू है। पेंशनरों, बोर्ड-निगम के कर्मियों, विश्वविद्यालय शिक्षकों एवं कर्मियों, अंगीभूत कॉलेजों के शिक्षकों एवं कर्मियों तथा अखिल भारतीय सेवा के पदाधिकारियों के लिए यह योजना 1 मई से लागू होनी है। इसलिए इनके लिए नामांकन प्रक्रिया बाद में शुरू होगी।

ऑनलाइन आवेदन में किसी भी प्रकार की समस्या होने पर टोल-फ्री नंबर पर कर सकते हैं कॉलः ऑनलाइन आवेदन करने के बाद संबंधित डीटीओ द्वारा आवेदन का सत्यापन किया जाएगा। डीडीओ द्वारा सत्यापन के उपरांत आवेदक को बीमा कार्ड जारी कर दिया जाएगा। आवेदन के लिए रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर, आवेदक एवं आश्रितों के फोटो, जन्म तिथि प्रमाण (आवेदक एवं आश्रित), आधार नंबर, कार्यालय विवरण (नियुक्ति तिथि, कार्यालय का पता), जीपीएफ नंबर होना अनिवार्य है। वहीं, अधिक जानकारी के लिए टोल-फ्री नंबर 18003455027 पर संपर्क किया जा सकता है।

बता दें कि इस योजना के तहत राज्य कर्मियों एवं उनके आश्रितों को 5 लाख रुपये तक मुफ्त इलाज सूचीबद्ध अस्पतालों में होगा। गंभीर बीमारी की स्थिति में 10 लाख रुपये तक का इलाज होगा। इसमें एयर एंबुलेंस की निशुल्क सेवा का भी प्रावधान किया गया है। साथ ही ऑर्गन ट्रांसप्लांट की स्थिति में डोनर की चिकित्सा पर खर्च होने वाली राशि का भी वहन किया जाएगा।

# झारखंड में बनाया जा रहा है हर्बल गुलाल लगाने से नहीं होगा कोई रिएक्शन

संवाददाता



**रांची:** होली नजदीक आ रही है। रंगों का त्योहार होली पर एक-दूसरे को गुलाल लगाया जाता है, लेकिन कभी-कभी गुलाब से त्वचा पर रिएक्शन हो जाता है जिससे लोग रंगों का इस्तेमाल करने से डरते हैं। वहीं, झारखंड में महिलाएं होली के लिए प्राकृतिक विधि से हर्बल गुलाल बनाकर तैयार कर रही हैं।

**हर्बल गुलाल में हैं ये खास चीजें :** दरअसल, सिमडेगा जिले में महिलाएं होली के लिए प्राकृतिक विधि से हर्बल गुलाल बनाकर तैयार कर रही हैं। प्राकृतिक विधि से पलाश ब्रांड अंतर्गत पलाश हर्बल गुलाल तैयार किया जा रहा है। महिलाओं के मुताबिक प्राकृतिक गुलाल बनाने के लिए सूखे हुए पलाश के फूलों का प्रयोग किया जाएगा। इसमें हरा रंग बनाने हेतु सूखा हुआ पालक साग, गुलाबी रंग बनाने हेतु चुकंदर, पीला रंग बनाने हेतु हल्दी एवं फूल, लाल रंग के लिये फूल का प्रयोग किया जा रहा है जो पूर्ण रूप से प्राकृतिक है। इस प्रकार के गुलाल त्वचा को किसी भी प्रकार से नुकसान नहीं पहुंचता। महिलाओं के मुताबिक जिले में लगभग 200 किलो ग्राम का प्राकृतिक गुलाल तैयार किया जा रहा है। समूह की उद्यमी दीदियों के द्वारा इस प्रकार का प्रयास अन्य के लिये प्रेरणा का स्त्रोत एवं महिला सशक्तिकरण के लिए निश्चय ही मील का पत्थर साबित होगा।

**होली का त्योहारः** होली रंगों का तथा हंसी-खुशी का त्योहार है। यह भारत का एक प्रमुख और प्रसिद्ध त्योहार है, जो विश्वभर में मनाया जाने लगा है। रंगों का त्यौहार कहा जाने वाला यह पर्व पारंपरिक रूप से 2 दिन मनाया जाता है। इसमें लोग एक-दूसरे को रंग लगाते हैं। बच्चे भी इस त्यौहार का खूब आनंद लेते हैं। बच्चे पिचकारी में पानी भर कर लोगों पर पानी बरसाते हैं, गुब्बारे मारते हैं। इस दिन सभी के घरों में अच्छे-अच्छे पकवान बनते हैं। ऐसा माना जाता है कि होली के दिन लोग पुरानी कटुता को भूल कर गले मिलते हैं और फिर से दोस्त बन जाते हैं। एक दूसरे को रंगने और गाने-बजाने का दौर दोपहर तक चलता है। इसके बाद स्नान कर के विश्राम करने के बाद नए कपड़े पहन कर शाम को लोग एक दूसरे के घर मिलने जाते हैं, गले मिलते हैं

## सुविचार

मेहनत करने से दरिद्रता नहीं रहती, धर्म करने से पाप नहीं रहता, मौन रहने से कलह नहीं होता।

## पंचपति का रोग

**छत्तीसगढ़** के कबीरधाम जिले से आई नवनिर्वाचित महिला पंचों की जगह उनके पतियों द्वारा शपथ ग्रहण किए जाने की खबर चिंताजनक इस मायने में भी है कि यह किसी तरह का आश्चर्य या विस्मय नहीं पैदा करती। आम तौर पर इसे इस रूप में लिया जा रहा है कि यह तो होता ही है। मामला खास इसलिए बना क्योंकि इसका विडियो वायरल हो गया। अगर विडियो वायरल न हुआ होता तो शायद ही यह घटना सुर्खियों में आती और किसी के खिलाफ कोई कार्रवाई भी शायद ही होती। यह इस बात से भी स्पष्ट होता है कि 3 मार्च को कबीरधाम जिले के परसवारा गांव में हुए इस कार्यक्रम के दौरान किसी भी संबंधित व्यक्ति को इसमें कुछ भी गलत नहीं लगा। किसी ने कुछ छुपाने की जरूरत नहीं महसूस की। धूमधाम से गुलाल लगाए माला पहने इन पंच पतियों को शपथ दिलाई गई। पूरे कार्यक्रम का न केवल विडियो बनाया गया बल्कि उसे सोशल मीडिया पर भी डाल दिया गया। वह तो जब विडियो वायरल हुआ और मीडिया की पूछताछ शुरू हो गई, तब स्पष्टीकरण लिए-दिए जाने लगे। अगर इस गांव की सामाजिक और शैक्षिक स्थिति पर गौर करें तो यह सब अस्वाभाविक भी नहीं लगता। 2011 की जनगणना के मुताबिक 320 परिवारों और 1545 की जनसंख्या वाले इस गांव में महिलाओं और पुरुषों का अनुपात प्रति हजार पर 936 है, जो राज्य के लिंगानुपात (969) के मुकाबले काफी कम है। साक्षरता दर जहां पुरुषों में 82.86% है वहीं महिलाओं में यह महज 51.19% है। 50% आरक्षण के प्रावधान की बदौलत पंचायतों में महिलाओं को नुमाइंदगी तो मिल रही है। ताजा आंकड़ों के मुताबिक, देश में अभी पंचायत स्तर पर कुल 32.29 लाख निर्वाचित प्रतिनिधि हैं, जिनमें 15.03 लाख महिलाएं हैं। 46.6% के इस अनुपात को बुरा नहीं कहा जाएगा। लेकिन व्यवहार में पितृसत्ता का साया इसे निरर्थक बना देता है। इसी वजह से सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर पंचायतों में महिलाओं की जगह उनके पति या अन्य रिश्तेदारों की भूमिका समाप्त करने के लिए समिति भी गठित की गई थी। इस समिति की पिछले महीने आई रिपोर्ट में ऐसे मामलों में भारी जुमार्ना लगाने की सिफारिश की गई। लेकिन यह मामला जटिल और संवेदनशील है। कड़ी सजा पर जोर का उलटा असर हो सकता है। विडियो वायरल होने की वजह से परसवारा भले सुर्खियों में आ गया हो, यह ऐसा इकलौता गांव नहीं है। अन्य इलाकों से भी इस तरह की खबरें जब-तब सामने आती रहती हैं। ऐसे में कड़ी से कड़ी सजा के बजाय जागरूकता फैलाने पर जोर होना चाहिए। पंचायतों के कामकाज में महिलाओं की भागीदारी और उनका आत्मविश्वास बढ़ाने में प्रशासन की रचनात्मक भूमिका महत्वपूर्ण साबित हो सकती है।

## भारत करे सौदेबाजी

**अमेरिकी राष्ट्रपति** डॉनल्ड ट्रंप टैरिफ के सवाल पर जिस तरह का अड़ियल रुख दिखा रहे हैं, उसके मद्देनजर अब यह उम्मीद करने का खास मतलब नहीं दिखता कि वह आखिरकार अपनी राह बदलेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पिछली अमेरिका यात्रा के दौरान ट्रंप ने उनके सामने टैरिफ पर जैसे को तैसा की नीति अपनाने की बात कह कर सबको चौंका दिया था। अब अमेरिकी संसद में उन्होंने दोबारा भारत का नाम लेते हुए 2 अप्रैल से इस नीति पर अमल की घोषणा कर रहा-सहा संदेह भी समाप्त कर दिया है। हालांकि केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल की अगुआई में एक टीम अमेरिका में ही है और व्यापार समझौते के लिए दोनों पक्षों में बातचीत अभी जारी है। ऐसे में यह सवाल भी है कि जब तक बातचीत टूट नहीं जाती, तब तक कोई निष्कर्ष निकालने की जल्दबाजी क्यों दिखाई जाए। लेकिन कई जानकारों का मानना है कि मौजूदा हालात में संभावित समझौते को ज्यादा अहमियत देना तर्कसंगत नहीं होगा। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप न केवल पिछली सरकारों के दौरान किए गए समझौतों और दी गई प्रतिबद्धताओं से पीछे हटते रहे हैं बल्कि कनाडा और मेक्सिको पर ऊंचा टैरिफ लगाकर अपने पिछले कार्यकाल के दौरान 2019 में इन देशों के साथ हुए मुक्त व्यापार समझौते का भी निरादर करते दिख रहे हैं। ऐसे में यह सवाल पूछा जा रहा है कि उनके साथ कोई समझौता हो भी जाता है तो उसके टिके रहने की क्या गारंटी होगी। ऐसे में बातचीत और सुलह-समझौते की संभावना को खारिज भले न किया जाए, लेकिन टैरिफ बढ़ने के खतरे को वास्तविक मानकर इससे उपजी चुनौतियों के लिए खुद को तैयार करना ज्यादा जरूरी है। यह कोई आसान राह नहीं साबित होने वाली, लेकिन दो स्तरों एक साथ प्रयास करते हुए आगे बढ़ा जा सकता है। जहां भी संभव हो अमेरिकी उत्पादों पर शुल्क में कटौती कर बदले में अमेरिकी सरकार से रियायत ली जाए। इसके साथ ही ट्रंप की पॉलिसी से प्रभावित हो रहे अन्य देशों के साथ समझौता करने पर ध्यान केंद्रित किया जाए। मसलन, अमेरिकी बाजार में मुश्किलें झेल रहा कनाडा अभी हमारे काम आ सकता है। पुराने मतभेदों को फिलहाल एक तरफ करके आपदा की इस स्थिति में बन रहे अवसरों का तत्काल और बेहिचक इस्तेमाल करने की जरूरत है।

# सावित्रीबाई फुले : महिला शिक्षा की अग्रदूत

1 मई 1847 को, उन्होंने पुणे के सगुनाऊ क्षेत्र में पहला स्कूल खोला, हालांकि यह अधिक समय तक नहीं चल सका। इसके बाद, 1 जनवरी 1848 को पुणे के भिडे वाडा में बालिका विद्यालय की स्थापना की गई, जो तत्कालीन ब्रिटिश भारत में किसी स्थानीय व्यक्ति द्वारा स्थापित पहला बालिका विद्यालय था। शुरूआती दौर में इस स्कूल में मात्र छह छात्राएं थीं, लेकिन वर्ष के अंत तक यह संख्या 40–45 हो गई।

**डॉ. लोकेश कुमार**



पुण्यतिथि (10 मार्च) पर विशेष

सावित्रीबाई फुले ने महिलाओं की शिक्षा और सामाजिक सुधार को अपने जीवन का मिशन बना लिया। उन्होंने विधवा विवाह को बढ़ावा देने, छुआछूत मिटाने और महिलाओं को शिक्षित करने के लिए समाज की रूढ़िवादी सोच से जमकर संघर्ष किया। उस दौर में महिलाओं को घर की चारदीवारी तक सीमित रखा जाता था। हालाँकि, इस्लामिक आक्रमणों से पहले भारतीय समाज में महिलाओं को शिक्षा प्राप्त करने की स्वतंत्रता थी लेकिन बाद में उन्हें शिक्षा से वंचित कर दिया गया। सावित्रीबाई ने इस सामाजिक अन्याय के खिलाफ आवाज उठाई और महिलाओं के जीवन में शिक्षा का प्रकाश फैलाने का संकल्प लिया। इसके लिए उन्हें भारी विरोध का सामना करना पड़ा। समाज के दकियानूसी लोगों ने उन पर कीचड़ फेंका, उनका अपमान किया लेकिन वे अडिग रहीं। उनके विवाह के समय वे मात्र 9 वर्ष की थीं, जबकि उनके पति ज्योतिबा फुले 13 वर्ष के थे। यह विवाह 1840 में संपन्न हुआ। पेशवाओं द्वारा पुणे में दिए गए एक उपहार स्वरूप बगीचे के कारण उनके परिवार को 'फुले' उपनाम मिला। सावित्रीबाई अपने मायके से एक पुस्तक लेकर आई थीं। इस पुस्तक ने न केवल उनके पति को प्रेरित किया, बल्कि दोनों को शिक्षा की ओर उन्मुख किया। स्वयं शिक्षित होने के बाद उन्होंने समाज में शिक्षा का प्रसार करने का बीड़ा उठाया। 1 मई 1847 को, उन्होंने पुणे के सगुनाऊ क्षेत्र में पहला स्कूल खोला, हालांकि यह अधिक समय तक नहीं चल सका। इसके बाद, 1 जनवरी 1848 को पुणे के भिडे वाडा में बालिका विद्यालय की स्थापना की गई, जो तत्कालीन ब्रिटिश भारत में किसी स्थानीय व्यक्ति द्वारा स्थापित पहला बालिका विद्यालय था। शुरूआती दौर में इस स्कूल में मात्र छह छात्राएं थीं, लेकिन वर्ष के अंत तक यह संख्या 40-45 हो गई। बाद में 18 सितंबर 1851 को पुणे में और 15 मार्च 1852 को बताल पैंठ में और विद्यालयों की स्थापना की गई, जिससे शिक्षा के क्षेत्र में क्रांति आ गई। महिला शिक्षा के क्षेत्र में उनके योगदान को देखते हुए उन्हें भारत की प्रथम महिला शिक्षिका के रूप में जाना जाता है। इससे पहले 1829 में अमेरिकी मिशनरी सिंथिया फर्रार ने मुंबई में लड़कियों के लिए एक स्कूल की शुरूआत की थी। पारसी समुदाय ने भी 1847 में महिलाओं की शिक्षा के लिए एक विद्यालय खोला था।

सावित्रीबाई ने सामाजिक बुराइयों को मिटाने के लिए निडर होकर संघर्ष किया। उन्होंने विधवाओं के शोषण को रोकने के लिए पुणे में नाइयों की हड़ताल का आयोजन किया, ताकि विधवाओं का सिर जबरन न मुंडवाया जाए। उन्होंने रात्रि विद्यालयों की शुरूआत की ताकि दिन में मजदूरी करने वाले श्रमिक रात में शिक्षा प्राप्त कर सकें। जातिगत भेदभाव के खिलाफ भी उन्होंने प्रभावी कदम उठाए। जब उन्होंने देखा कि दलितों को सार्वजनिक कुओं से पानी नहीं भरने दिया जाता, तो उन्होंने अपने घर का कुआं सभी के लिए खोल दिया। यह उस समय का एक क्रांतिकारी कदम था, जो सामाजिक समरसता की मिसाल बना। सावित्रीबाई ने विधवा महिलाओं के लिए भी अनूठी पहल की। उन्होंने एक गर्भवती विधवा को आत्महत्या करने से रोका, उसकी डिलीवरी अपने घर पर कराई और उसके पुत्र को पाल-पोसकर डॉक्टर बनाया। 1897 में पुणे में प्लेग महामारी फैल गई। सावित्रीबाई और उनके पति ने पीड़ितों की निःस्वार्थ सेवा की। इस दौरान, वे स्वयं भी इस बीमारी की चपेट में आ गईं और 10 मार्च 1897 को उनका निधन हो गया। डॉ. भीमराव अंबेडकर ने कहा था ₹यदि किसी देश की प्रगति को मापना हो, तो वहाँ की महिलाओं की शिक्षा को देखना चाहिए।₹ सावित्रीबाई फुले ने अपने कार्यों से इस कथन को सिद्ध किया। आज, उनके प्रयासों का ही परिणाम है कि महिलाएं न केवल शिक्षित हो रही हैं, बल्कि विभिन्न क्षेत्रों में सफलता के नए आयाम गढ़ रही हैं। सावित्रीबाई फुले के योगदान को सदा स्मरण किया जाएगा।

**(लेखक स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

# हिंदी : जनमानस की भाषा

संविधान लागू हुआ तब यह व्यवस्था दी गई कि 1965 तक यानी 15 वर्षों तक अंग्रेजी का इस्तेमाल किया जा सकता है। जब तक सीमा पूरी होती उससे पहले 1957 में ही अंग्रेजी हटाओ मुहिम को सक्रिय आंदोलन में डॉ. लोहिया ने बदल दिया। लोहिया का मानना था कि हिंदी राष्ट्रभाषा होनी चाहिए। सरकारी कामकाज में इसका इस्तेमाल बढ़ाना चाहिए। उन्होंने कहा था कि संघ की भाषा हिंदी होगी।

**अरुण कुमार दीक्षित**

हिंदी को लेकर एक बार फिर उत्तर से लेकर दक्षिण तक बहस जारी है। सबके अपने-अपने दावे हैं। राजनीतिक घाटे-मुनाफे हैं। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री स्टालिन ने तो यहां तक कह दिया कि सरकारी दफ़्तरों से हिन्दी हटाएं, तमिल लागू करें। हिंदी सभी भाषाओं को समाप्त कर देगी। संविधान के अनुच्छेद 343 में कहा गया है कि राजभाषा हिंदी और लिपि देवनागरी होगी। संविधान के अनुच्छेद 343 (1) में 14 सितंबर 1949 को संविधान सभा मे लंबी चर्चा के बाद हिंदी को भारत संघ की राजभाषा का दर्जा दिया गया था। भारत की राष्ट्रभाषा अपनी ही होनी चाहिए। जैसा कि पूरी दुनिया के अधिकांश देशों में स्वयं की भाषाएं हैं। संविधान के अनुच्छेद 351 में कहा गया है कि हिंदी का इस प्रकार विकास किया जाए कि हिंदी भारत की सामासिक संस्कृति की अभिव्यक्ति का माध्यम बन सके। उसके सरल और सुबोध को प्रोत्साहित किया जाना चाहिए।

भारतीय संविधान में भारत की किसी भी भाषा को राष्ट्रभाषा की स्वीकृति नहीं है। हालांकि हिंदी एवं अंग्रेजी को आधिकारिक भाषा माना जाता है। संविधान में 22 भाषाओं को आधिकारिक भाषा के रूप में स्थान दिया गया है। विकल्प है कि केंद्र और राज्यों की सरकारें स्वयं चाहे तो 22 भाषाओं में किसी भी भाषा को आधिकारिक भाषा के रूप में चुनाव कर सकेंगे। यह भाषाएं हिंदी, असमिया, उड़िया, कन्नड़, कश्मीरी, कोंकणी, मैथिली, मलयालम, मणिपुरी, मराठी, नेपाली, पंजाबी, संस्कृत, संथाली, सिंधी, तमिल, तेलुगू , बोडो, डोगरी, बंगाली उर्दू और गुजराती हैं। केंद्र सरकार ने कामकाज के लिए हिंदी और रोमन को आधिकारिक भाषा माना है। अलग-अलग राज्यों में स्थानीय भाषाएं लागू की गई है। हिंदी को राजभाषा बनाने का प्रस्ताव संविधान सभा मे दक्षिण भारत के गोपाल स्वामी अय्यंगर ने रखा था। गांधीजी ने 1918 में हिंदी को राजभाषा बनाने की बात की थी। उन्होंने कहा था हिंदी जनमानस भाषा है।

भारत के पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री ने संसद में कहा था, संसद और देश की भावना यही है कि हिंदी को संघ की सरकारी भाषा स्वीकार किया जाए। मैं समझता हूं कि इस पृष्ठभूमि मे जिस बात का उपबंध संविधान में है वह सामान्यतः स्वीकार्य है कि हिंदी सीखना चाहिए। देश में महत्वपूर्ण स्थान मिलना चाहिए, परंतु इसे वह महत्वपूर्ण स्थान तभी मिल सकता है यदि हम इस उद्देश्य को सद्भावना से प्राप्त करें। संविधान सभा में कमलापति त्रिपाठी ने कहा था भाषा संस्कृति का आधार होती है और संस्कृति राष्ट्रों के इतिहास और जीवन हैं। उनके उत्थान विकास का आधार होती है। संविधान लागू हुआ तब यह व्यवस्था दी गई कि 1965 तक यानी 15 वर्षों तक अंग्रेजी का इस्तेमाल किया जा सकता है। जब तक सीमा पूरी होती उससे पहले 1957 में ही अंग्रेजी हटाओ मुहिम को सक्रिय आंदोलन में डॉ. लोहिया ने बदल दिया। लोहिया का मानना था कि हिंदी राष्ट्रभाषा होनी चाहिए। सरकारी कामकाज में इसका इस्तेमाल बढ़ाना चाहिए। उन्होंने कहा था कि संघ की भाषा हिंदी होगी। यह भी कहा था की अंग्रेजी हटाओ आंदोलन का मतलब हिंदी लाओ नहीं है, बल्कि मातृभाषा, लोक भाषा के बिना लोक राज असम्भव है। अंग्रेजी के सार्वजनिक प्रयोग को बंद करने की मांग की लोहिया हिंदी के बड़े पैरोकार थे। लोहिया हिंदी के विकास में ही लोकतंत्र का विकास देखते थे। उनका मानना था, कि विधायिका, कार्यपालिका, न्यायपालिका में मातृभाषा का प्रयोग न के बराबर आम जनता की प्रजातंत्र में शत-प्रतिशत भागीदारी के रास्ते का रोड़ा है। वे संसद में कम समय ही रहे। लोहिया संसद में अंग्रेजी में कभी नहीं बोले। वे कहते वोट लोक भाषा में मांगते हैं, चुनाव बाद अंग्रेजी बोलना लोकद्रोह है। डॉ लोहिया का भाषा चिंतन विशेष प्रकार का था। गांधीजी के बाद डॉ लोहिया स्वतंत्र भारत के अकेले नेता रहे जो भाषा के विषय पर राष्ट्रीय संदर्भ में विचार करते थे। वे अंग्रेजी को सामंती भाषा बताते हुए खतरों से आगाह करते रहे। कहा कि यह श्रमिकों, किसानों और शारीरिक श्रम करने वालों की भाषा नहीं है। अखिल भारतीय 'अंग्रेजी हटाओ' सम्मेलन के प्रथम सम्मेलन का अधिवेशन नासिक महाराष्ट्र में 28, 29 अक्टूबर 1959 को हुआ। अधिवेशन में कई प्रांतो के प्रतिनिधि शामिल हुए थे। हिंदी भाषा के अखिल भारतीय महत्व का पहला कारण यह है कि वह भारत की सबसे बड़ी जाति की भाषा है। दूसरा कारण यह है कि उत्तर भारत, बंगाल, गुजरात और महाराष्ट्र तक की भाषाओं और हिंदी के शब्द भंडार में इतनी ज्यादा समानता है, कि लोग उसे आसानी से समझ लेते हैं। तीसरा कारण है राजस्थान के व्यापारी और पूंजीपति भारत के विभिन्न प्रांतो में फैले हुए हैं और साधारणतः हर जगह हिंदी शिक्षा के प्रचार प्रसार आदि में सहायता करते हैं। चौथा सबसे बड़ा महत्वपूर्ण कारण है कि हिंदी भाषा इलाके के मजदूर मुंबई कलकत्ता जैसे बड़े-बड़े नगरों में भारी संख्या में मिलते हैं। डॉ. सुनीत कुमार चाटुर्ज्या ने 1948 के अंतरराष्ट्रीय भाषाविद् सम्मेलन (पेरिस) में यह प्रस्ताव रखा था कि संसार में किसी भाषा के समझाने बोलने वालों के विचारों से हिंदी का नंबर तीसरा है। इसलिए अंग्रेजी, फ्रांसीसी, स्पेनी, रूसी और चीनी के साथ हिंदी को भी राष्ट्र संघ की आधिकारिक भाषा मंजूर करना चाहिए। यह प्रस्ताव बहुत महत्वपूर्ण था। भारत जैसे देश की एक भाषा राष्ट्र संघ में अवश्य होनी चाहिए।

रवीन्द्रनाथ ठाकुर जैसे मनीषियों ने भगीरथ प्रयत्न किया। गांधीजी ने इस बात का जोरदार आंदोलन किया कि शिक्षा का माध्यम भारतीय भाषाएं होनी चाहिए। उन्होंने जापानी की मिसाल देकर बताया कि वहां के लोगों ने यूरोप की विद्या ग्रहण की है, अपनी भाषा के माध्यम से। उनका शिक्षण जापान में होता है न कि अंग्रेजी में। राष्ट्रीय आंदोलन की यह मांग रही है कि शिक्षा संस्थानों से लेकर न्यायालयों तक में जो सारा काम अंग्रेजी के माध्यम से होता है वह बंद होना चाहिए। और अंग्रेजी ने भारतीय भाषाओं के जो हक छीने हैं वह उन्हें वापस मिलने चाहिए। तब हम कैसे मानें की अंग्रेजी यहां लादी न गई थी। और उसे गौरव स्थान देने के लिए यही के देशभक्तों ने प्रयास किया था ? अंग्रेजी से कुछ सीखना एक बात है। अंग्रेजी को अपने सामाजिक और सांस्कृतिक कार्यों का माध्यम बना लेना दूसरी बात है। भारत के नवीन सांस्कृतिक जागरण में अंग्रेजी के महत्व को बढ़ा-चढ़ा कर आंका जाता है। अंग्रेजी के माध्यम से प्राप्त विचारधारा इस जागरण की प्रमुख धारा नहीं रही। प्रमुख धारा के तत्व भारतीय ही रहे हैं। डॉ. रामविलास शर्मा पृष्ठ 380,393 भाषा और समाज) हिंदी के प्रतिष्ठित साहित्यकार सुमित्रानंदन पन्त ने कहा था।

हिंदी केवल एक भाषा ही नहीं यह भारतीय संस्कृति की आत्मा है। यह हमारी भावनाओं, विचारों की सहज अभिव्यक्ति का माध्यम है। निराला ने हिंदी को सशक्त और समृद्ध बताया है। उनका कहना है हिंदी केवल भाषा नही है, यह एक क्रांति है। जनता की भाषा है। जनता जब जागेगी तो हिन्दी के माध्यम से ही अपनी शक्ति प्रकट करेगी। हिन्दी हमारी राष्ट्र भाषा, मातृ भाषा है। हिन्दी हमारी संस्कृति है हिन्दी के अधिकतम प्रयोग और भारत की राष्ट्रभाषा हिन्दी के लिए लगातार वैचारिक अभियान होना चाहिए।

**(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

# चंद्र दोष भी होगा दूर



ज्योतिष शास्त्र में चंद्रमा को मन का कारक माना जाता है। चंद्र देव की कृपा होने से जातक को संसार में सभी तरह के सुखों की प्राप्ति होती है। वहीं जातक को मनमुताबिक सफलता प्राप्त होती है। जब कुंडली में चंद्रमा कमजोर होता है, तो जातक को मानसिक तनाव की समस्या होती है। वहीं व्यक्ति को शुभ कार्यों में सफलता नहीं मिलती है। ज्योतिष शास्त्र में चंद्रदेव को मजबूत रखने की सलाह देते हैं। ऐसे में अगर आप भी मानसिक तनाव से निजात पाना चाहते हैं, तो सोमवार के दिन देवों के देव महादेव संग मां पार्वती की पूजा करनी चाहिए। वहीं भगवान शंकर का कच्चे दूध से अभिषेक करना चाहिए। वहीं चंद्र चालीसा का पाठ करने से चंद्र दोष से निजात मिलती है और मानसिक तनाव से छुटकारा मिलता है।

## चंद्र देव चालीसा

शीश नवा अरिहंत को, सिद्धन करूं प्रणाम।
उपाध्याय आचार्य का, ले सुखकारी नाम।।
सर्व साधु और सरस्वती, जिन मंदिर सुखकर।
चन्द्रपुरी के चन्द्र को, मन मंदिर में धार।।

।। चौपाई ।।

जय-जय स्वामी श्री जिन चन्दा, तुमको निरख भये आनन्दा।
तुम ही प्रभु देवन के देवा, करूँ तुम्हारे पद की सेवा।।
वेष दिगम्बर कहलाता है, सब जग के मन भाता है।
नासा पर है द्रष्टि तुम्हारी, मोहनि मूरति कितनी प्यारी।।
तीन लोक की बातें जानो, तीन काल क्षण में पहचानो।
नाम तुम्हारा कितना प्यारा, भूत प्रेत सब करें निवारा।।
तुम जग में सर्वज्ञ कहाओ, अष्टम तीर्थंकर कहलाओ।
महासेन जो पिता तुम्हारे, लक्ष्मणा के दिल के प्यारे।।
तज वैजंत विमान सिधाये, लक्ष्मणा के उर में आये।
पोष वदी एकादश नामी, जन्म लिया चन्दा प्रभु स्वामी।।
मुनि समन्तभद्र थे स्वामी, उन्हें भस्म व्याधि बीमारी।
वैष्णव धर्म जभी अपनाया, अपने को पंडित कहाया।।
कहा राव से बात बताऊं, महादेव को भोग खिलाऊं।
प्रतिदिन उत्तम भोजन आवे, उनको मुनि छिपाकर खावे।।
इसी तरह निज रोग भगाया, बन गई कंचन जैसी काया।
इक लड़के ने पता चलाया, फौरन राजा को बतलाया।।
तब राजा फरमाया मुनि जी को, नमस्कार करो शिवपिंडी को।
राजा से तब मुनि जी बोले, नमस्कार पिंडी नहिं झेले।।
राजा ने जंजीर मंगाई, उस शिवपिंडी में बंधवाई।
मुनि ने स्वयंभू पाठ बनाया, पिंडी फटी अचम्भा छाया।।
चन्द्रप्रभ की मूर्ति दिखाई, सब ने जय-जयकार मनाई।
नगर फिरोजाबाद कहाये, पास नगर चन्दवार बताये।।
चन्द्रसैन राजा कहलाया, उस पर दुश्मन चढ़कर आया।
राव तुम्हारी स्तुति गई, सब फौजो को मार भगाई।।
दुश्मन को मालूम हो जावे, नगर घेरने फिर आ जावे।
प्रतिमा जमना में पधराई, नगर छोड़कर परजा धाई।।
बहुत समय ही बीता है कि, एक यती को सपना दीखा।
बड़े जतन से प्रतिमा पाई, मन्दिर में लाकर पधराई।।
वैष्णवों ने चाल चलाई, प्रतिमा लक्ष्मण की बतलाई।
अब तो जैनी जन घबरावें, चन्द्र प्रभु की मूर्ति बतावें।।
चिन्ह चन्द्रमा का बतलाया, तब स्वामी तुमको था पाया।
सोनागिरि में सौ मन्दिर हैं, इक बढ़कर इक सुन्दर हैं।।
समवशरण था यहां पर आया, चन्द्र प्रभु उपदेश सुनाया।
चन्द्र प्रभु का मंदिर भारी, जिसको पूजे सब नर-नारी।।
सात हाथ की मूर्ति बताई, लाल रंग प्रतिमा बतलाई।
मंदिर और बहुत बतलाये, शोभा वरणत पार न पाये।।
पार करो मेरी यह नैया, तुम बिन कोई नहीं खिवैया।
प्रभु मैं तुमसे कुछ नहीं चाहूं, भव -भव में दर्शन पाऊँ।।
मैं हूं स्वामी दास तिहारा, करो नाथ अब तो निस्तारा।
स्वामी आप दया दिखलाओ, चन्द्र दास को चन्द्र बनाओ।।

।।सोरठ।।

नित चालीसहिं बार, पाठ करे चालीस दिन।
खेय सुगंध अपार, सोनागिर में आय के।।
होय कुबेर सामान, जन्म दरिद्री होय जो।
जिसके नहिं संतान, नाम वंश जग में चले।।

## सेहत

### फर्टिलिटी की समस्या होगी दूर

**खराब** जीवनशैली और सेहत पर ध्यान न देने से कई बीमारियां आजकल फैल रही है। खासकर के महिलाओं को बढ़ती उम्र में शरीर को भी कई समस्याओं से जूझना पड़ता है। उम्र बढ़ने से असर फर्टिलिटी पर जरुर पड़ता है। किसी भी दंपत्ति को कंसीव करने के लिए जिस तरह से पुरुषों की स्पर्म क्वालिटी का बेहतर होना जरुरी है। इसी तरह से महिलाओं में एग क्वालिटी अच्छी होनी काफी जरुरी है। कई काकणों से महिलाएं बच्चे की प्लानिंग काफी देरी से कर रही हैं। 35-40 की उम्र में मां बनना, नेचुरली कंसीव करना काफी बिल्कुल संभव है। हालांकि, अगर आप अपनी डाइट और जीवनशैली में बदलाव करती हैं, तो आपकी फर्टिलिटी मजबूत बनी रहेगी और कंसीव करना काफी आसान हो जाएगा। चलिए इस लेख में हम आपको कुछ चीजों का सेवन करने के बारे में बताते हैं, जिनसे कंसीव करने चांसेज बढ़ जाते हैं।

**बेरीज :** फर्टिलिटी बढ़ाने के लिए बेरीज काफी फायदेमंद माने जाते हैं। इसमें एंटी-ऑक्सीडेंट, विटामिन्स और अन्य पोषक तत्व मौजूद होते हैं। इतना ही नहीं, यह हार्मोस को बैलेंस करने और ऑक्सीडेटिव स्ट्रेस को कम करने में मदद करता है। इससे एग क्वालिटी में सुधारने में मदद मिलती है।

**हरे पत्तेदार सब्जियां खाएं :** बेबी कंसीव करने के लिए हरी पत्तेदार सब्जियों का सेवन करना काफी जरुरी होता है। आप पालक और मेथी जैसी सब्जियों का सेवन कर सकते हैं। इसके साथ ही यह एग क्वालिटी सुधारने में मदद करता है और इससे कंसीव करने के चांसेज काफी बढ़ जाते हैं। इन सब्जियों पाए जाने वाले फोलेट, विटामिन्स और आयरन जैसे मिनरल्स होते हैं। यह ओव्युलेशन प्रोसेस के लिए फायदेमंद होता है।

**नट्स और सीड्स :** लेट प्रेग्नेंसी का प्लान कर रहे हैं, तो आप नट्स और सीड्स को जरुर खाएं। विटामिन्स, मिनरल्स, प्रोटीन और एंटी-ऑक्सीडेंट्स भरपूर मात्रा में होते हैं। भीगे हुए अखरोट, बादाम और ब्राजील नट्स के सेवन करने से फर्टिलिटी बढ़ाने में काफी मदद मिलती हैं।

**दालें और फलियां खाएं :** अगर आप फर्टिलिटी को बूस्ट करना चाहते हैं, तो आप दालों और फलियों में प्रोटीन और फाइबर की मात्रा अधिक होती हैं। ये एग क्वालिटी को भी सुधारने में मदद करती है और फर्टिलिटी को बूस्ट करने में मदद करती है।

मेट्रो रेज की ओर से स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक जीतेन्द्र कुमार सिंह के लिए जेके न्यूज नेटवर्क, पिपरटोली, अरगोड़ा, रांची 834002 (झारखंड) से प्रकाशित तथा शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा, पेट्रोल पंप रातू रोड, रांची , (झारखंड) से मुद्रित।
**प्रधान संपादक** : जीतेन्द्र कुमार सिंह, **संपादक** : लाल दिवाकर नाथ शाहदेव*, *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्यवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 7369017908, R.N.I. No.-JHAHIN/2017/75028 **website :** www.metrorays.in
**email : metrorays.ranchi@gmail.com**

### रौनियार वैश्य परिषद का होली मिलन समारोह

# खूब उड़े अबीर-गुलाल, छायी मस्ती

**मेट्रो रेज**

दुमकाः उपराजधानी दुमका में होली की मस्ती छाने लगी है। विभिन्न सामाजिक संगठनों द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन किये जाने का जहां सिलसिला शुरू हो गया है, वहीं इवेंट करानेवाली संस्थाएं भी अलग-अलग जगहों पर आयोजन की तैयारी कर रही हैं। रविवार को रौनियार वैश्य परिषद की ओर से होली मिलन समारोह का आयोजन यज्ञ मैदान में किया गया, जहां बड़ी संख्या में रौनियार समाज के महिला-पुरुष, बड़े-बुजुर्ग व बच्चों ने खूब अबीर-गुलाल लगाये। होली गीत पर नाच गाकर मस्ती की। समारोह में समाज के प्रमुख शख्सियत रांची से आये भीम प्रसाद मुख्य अतिथि तथा सुखदेव प्रसाद साहू विशिष्ट अतिथि शामिल हुए। शुरूआत फूलों की होली से हुई। बाद में होली के गीत गाये गये। सामाजिक एकजुटता प्रदर्शित कर लोगों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाया। वहीं लजीज पकवान का आनंद लिया। आयोजन में जिलाध्यक्ष



प्रकाश प्रसाद की अहम भूमिका रही। उन्होंने अपने संदेश में सभी को होली की शुभकामनाएं दी। कहा कि समाज को एक सूत्र में बांधकर रखने के लिए परिषद का ऐसा प्रयास अनवरत जारी रहेगा। मौके पर बिरेंद्र प्रसाद साह, सुभाष गुप्ता, मनोज कुमार साह, राजेंद्र प्रसाद साह, जितेंद्र साह, महेंद्र साह, रामजी साह, भानू साह, पूनम साह, सिम्पल साह, निर्मला कुमारी, रजनी कुमारी, श्याम सुंदर साह, गोपाल प्रसाद साह, नरेंद्र प्रसाद साह, पूजा देवी, रिंकी देवी, पुष्पा देवी, रीना देवी, किरण साह, रेश्मी देवी, पूनम देवी, ऋषभ कुमार आदि मौजूद थे। कलवार महासभा ने भी आयोजित किया मिलन समारोह दुमका। जिला परिषद डाकबंगला परिसर में अवस्थित पार्वती बाटिका में कलवार महासभा के द्वारा भी होली मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया गया। इसमें समाज के लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस दौरान लोगों ने हर्बल अबीर-गुलाल लगाये और एक-दूसरे को होली की शुभकामनाएं दी। लोगों ने होली के गीत भी गाये और समाज के अभिभावकों को सम्मानित भी किया। कार्यक्रम में अध्यक्ष प्रमोद जायसवाल, सचिव संतोष कुमार चौधरी, उपाध्यक्ष राजेश चौधरी, कोषाध्यक्ष गणेश जायसवाल, उत्तम चौधरी, अभिषेक चौधरी, सतीश जायसवाल, भवेश जायसवाल, चंद्रशेखर जायसवाल, प्रभुचंद जायसवाल, सेवानिवृत डीएसपी अनिल कुमार चौधरी, शिक्षक कृष्ण कुमार जायसवाल, अधिवक्ता सुनील कुमार जायसवाल, समाजसेवी रंजीत जायसवाल, गायत्री जायसवाल, अजय जायसवाल व अन्य मौजूद थे। समाजसेवी कृष्ण कुमार जायसवाल ने कलवार महासभा का जल्द रजिस्ट्रेशन कराने का सुझाव दिया। आश्वस्त किया कि वे महासभा को सामाजिक कार्य के लिए अपेक्षित भूखंड उपलब्ध कराने की पहल करेंगे।

# मनरेगा योजनाओं की समीक्षा शीघ्र कार्य प्रारंभ करने का निर्देश

**मेट्रो रेज**

साहिबगंजः मंडरो प्रखंड के दामिनभिट्ठा पंचायत अंतर्गत बेतोना गाँव में मनरेगा के तहत विभिन्न विकास योजनाओं की समीक्षा और चयन हेतु एक विशेष कैंप आयोजित किया गया। जिला दंडाधिकारी-सह-उपायुक्त हेमंत सती के निदेर्शानुसार बीपीओ ने सहायक अभियंता और कनीय अभियंता के साथ गाँव का दौरा कर योजनाओं का निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान मिट्टीमोरम सड़क की नापी की गई, जिससे ग्रामीणों को आवागमन में सुविधा होगी। साथ ही, एतवारी पहाड़िया की जमीन पर एक एकड़ बागवानी के लिए चयन किया गया।जिससे स्थानीय किसानों को आर्थिक लाभ मिलेगा। बकरी पालन को बढ़ावा देने हेतु बकरी शेड निर्माण के



लिए भी स्थल चयन किया गया।इसके अलावा पोटो हो खेल मैदान निर्माण हेतु स्थल निरीक्षण किया गया। जिससे युवाओं को खेल-कूद की बेहतर सुविधाएँ मिलेंगी। ग्रामीणों की पानी संबंधी समस्याओं को ध्यान में रखते हुए बेतोना गाँव में एक कूप की मरम्मत हेतु योजना भी चिह्नित की गई।सभी योजनाओं को शीघ्र तकनीकी और प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान कर कार्य प्रारंभ करने के निर्देश दिए गए हैं। इन विकास कार्यों से ग्रामीणों के जीवन स्तर में सुधार होने की उम्मीद है।

## दामाद ने ससुर को मारी गोली घायल



साहिबगंज/तीनपहाड़ : जिले के तीनपहाड़ थाना क्षेत्र के लोगाई गांव निवासी सुबोल लोहार की उसके ही दामाद ने गोली मार कर घायल कर दिया है। मिली जानकारी के अनुसार सुबोल लोहार का दामाद गंगा राम दास जो थाना क्षेत्र के लोगाई गांव का निवासी है। जानकारी के अनुसार ससुर दामाद के बीच किसी बात को लेकर बीते कई महीनों से विवाद चल रहा था। जिसको लेकर रविवार की शाम आरोपी गंगा राम दास ने खेरबन्नी मोड तीनपहाड़ राजमहल मुख्य मार्ग पर हटिया से लौट रहे अपने ससुर सुबोल लोहार को पीछे से गोली मार दी इसी बीच गोली की आवाज सुन आसपास के ग्रामीणों ने आरोपी को धर दबोचा।वहीं घटना की सूचना पाते ही थाना प्रभारी गुलशन गौरव घटना स्थल पहुंच आरोपी युवक को कब्जे में लेकर घायल सुबोल लोहार को आनन फानन में राजमहल अनुमंडलीय अस्पताल भेजवाया।

# समय पर प्रसव नहीं कराये जाने से जुड़वा बच्चों की मौत

**संवाददाता**

दुमकाः उपराजधानी के सरकारी अस्पताल में उचित व त्वरित इलाज न मिल पाने से लोगों को परेशानी हो रही है। प्रखंड के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जैसी स्थिति फूलो-झानो मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भी दिखने लगी है, जहां चिकित्सकीय लापरवाही के कारण प्रसव के दौरान जुड़वे बच्चे की मौत हो गयी। परिजनों ने बताया कि अस्पताल प्रबंधन ने आनन-फानन में दोनों मृत बच्चे के शव को एंबुलेंस बुक कर काठीकुंड भेजवा दिया। जच्चा को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कर दिया। महिला लीलावती देवी को प्रसव के लिए पीजेएमसीएच में शुक्रवार की शाम में परिजनों ने भर्ती कराया था। महिला के भाई बासुदेव राणा ने बताया कि पहले अपनी बहन को लेकर काठीकुंड सीएचवसी गया था। वहां से पीजेएमसीएच रेफर किया गया। शुक्रवार की शाम में वह अपनी बहन को लेकर पीजेएमसीएच पहुंचा। बहन दर्द से कराह रही थी। अस्पताल की नर्सों ने बताया कि 10 बजे रात में महिला चिकित्सक आयेंगी। तभी सिजेरियन कर बच्चे को निकाला जायेगा। रात भर वह दर्द से तड़पती रही, पर महिला चिकित्सक नहीं पहुंची। सुबह 10 बजे महिला चिकित्सक अस्पताल पहुंची और सिजेरियन कर जुड़वे बच्चे को निकाला गया। तब तक दोनों जुड़वे बच्चे की मौत हो चुकी थी। महिला की भी हालत गंभीर हो गयी थी। भाई ने बताया कि उनकी बहन पूरी तरह से स्वस्थ थी। उसे खून की भी कोई कमी नहीं थी। इसके बाद भी ऑपरेशन के लिए महिला चिकित्सक समय पर नहीं पहुंची, जिस कारण जुड़वे बच्चे की मौत हो गयी। महिला काठीकुंड की रहनेवाली है। उसके पति बाहर दैनिक मजदूरी करने के लिए गए हैं।

## परियोजना निदेशक ने किया ग्रामीण क्षेत्र का भ्रमण



दुमकाः परियोजना निदेशक आईटीडीए रवि जैन ने आदर्श ग्राम राजबांध का भ्रमण किया। ग्रामीणों से वार्ता कर वहाँ की समस्याओं को जाना। ग्रामीणों द्वारा पेयजल, पथ, नाली, ग्राम सभा भवन आदि समस्याओं से अवगत कराया। राजबांध के ग्रामीणों द्वारा बताया गया कि गांव के बगल से बहने वाली नदी पर यदि बाँध बन जाये तो वहाँ सिंचाई की सुविधा उपलब्ध हो जायेगी। ग्रामीण महिलाओं द्वारा आजीविका के साधन हेतु मशरूम की खेती, मुर्गीपालन एवं मत्स्य पालन का प्रशिक्षण देने एवं वित्तीय सहायता प्रदान करने का अनुरोध किया गया। भ्रमण के दौरान डीपीएम जएसएलपीएस, राजबांध पंचायत के मुखिया एवं प्रधान उपस्थित थे ।

# इस बार हर्बल गुलाल से खेली जायेगी होली

**मेट्रो रेज**

दुमकाः इस बार दुमका की होली के रंग कुछ खास होने वाले हैं, क्योंकि जिले की स्वयं सहायता समूह ( ) की महिलाएं पारंपरिक विधि से हर्बल गुलाल तैयार कर रही हैं। पलाश के फूल, चुकंदर, हल्दी और पालक जैसी प्राकृतिक सामग्रियों से बने ये रंग न केवल त्वचा के लिए सुरक्षित हैं, बल्कि पर्यावरण के अनुकूल भी हैं। जरमुंडी प्रखंड सहित अन्य प्रखंडों के कई स्वयं सहायता समूह पलाश ब्रांड के अंतर्गत इस हर्बल गुलाल का निर्माण कर रहे हैं। जिले में लगभग 200 किलोग्राम प्राकृतिक गुलाल तैयार किया जा रहा है, जिससे स्थानीय बाजार में इसकी अच्छी मांग बनी




हुई है। जेएसएलपीएस के पलाश ब्रांड के तहत 8 मार्च से जिला एवं प्रखंड स्तर पर विशेष स्टॉल लगाए जाएंगे, जहां हर्बल गुलाल की बिक्री और प्रदर्शनी होगी। यह पहल महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के साथ-साथ जिले में स्थानीय उत्पादों की पहचान भी बनाएगी। महिलाओं को रोजगार, समाज को सुरक्षित रंगः जेएसएलपीएस के जिला कार्यक्रम प्रबंधक निशांत एक्का ने बताया कि जिले में हर्बल गुलाल बनाने के लिए आवश्यक सभी कच्ची सामग्री आसानी से उपलब्ध है, जिससे महिलाओं को अतिरिक्त आय का अवसर मिल रहा है। यह पहल ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के साथ-साथ लोगों को स्वास्थ्यवर्धक और सुरक्षित होली खेलने का अवसर भी देगी।

इस होली, दुमका के लोग अपने जिले में निर्मित हर्बल गुलाल से प्राकृतिक और सुरक्षित रंगों के साथ त्योहार का आनंद ले सकेंगे।

# संचालित अनुसूचित जनजाति आवासीय विद्यालय के लिए प्रवेश परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न

### परीक्षा में कुल 317 परीक्षार्थी हुए शामिल, परीक्षा फल का प्रकाशन 23 से 25 मार्च

**मेट्रो रेज**

**साहिबगंजः** कल्याण विभाग द्वारा संचालित अनुसूचित जनजाति आवासीय बालिका उच्च विद्यालय, बरहेट, एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय, भोगनाडीह, बरहेट, अनुसूचित जनजाति आवासीय बालक उच्च विद्यालय, वृंदावन तथा अनुसूचित जनजाति आवासीय उच्च विद्यालय बंदरकोल में वर्ग 6, 7 एवं 8 में नामांकन के लिए प्रवेश परीक्षा आज संध्या महाविद्यालय, साहिबगंज में शांतिपूर्वक संपन्न हुआ। परियोजना निदेशक, आईटीडीए,साहेबगंज संजय



कुमार दास ने बताया कि इन चारों अनुसूचित जनजाति आवासीय विद्यालय में प्रवेश के लिए कुल 327 छात्र-छात्राओं में 317 उपस्थित हुए तथा 10 अनुपस्थित थे। परीक्षा सुचारू रूप से संचालन के लिए दंडाधिकारी के रूप में कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद, साहिबगंज अभिषेक कुमार सिंह एवं परीक्षा केंद्राधीक्षक शंभू नाथ पाठक, प्राचार्य, संध्या महाविद्यालय, साहिबगंज को प्रतिनियुक्त किया गया था। इस परीक्षा के लिए नोडल पदाधिकारी अपर समाहर्ता गौतम कुमार भगत तथा सहयोग के लिए श्रम अधीक्षक, साहिबगंज धीरेन्द्र कुमार महतो थे। समय-समय पर इन पदाधिकारियों के द्वारा परीक्षा केंद्र का निरीक्षण किया गया। परीक्षा शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए जिला नियंत्रण कक्ष से मॉनिटरिंग किया जा रहा था।उन्होंने बताया कि परीक्षाफल का प्रकाशन 23 से 25 मार्च, 2025 के बीच होगा। सफल छात्र-छात्राओं का नामांकन 10 से 20 अप्रैल, 2025 के बीच होगा। कक्षा सत्र प्रारंभ 1 मई, 2025 से होगा।

## परसाबाद में अवैध बालू परिवहन कर रहे 14 ट्रैक्टर हुए जब्त

कोडरमा, : जिले के जयनगर प्रखंड के अंचल अधिकारी सारांश जैन तथा जयनगर थाना प्रभारी बबलू कुमार के संयुक्त छापेमारी में परसाबाद स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के समीप से अवैध बालू परिवहन कर रहे 14 ट्रैक्टर को जब्त किया गया। सभी जब्त ट्रैक्टर हजारीबाग जिले के विभिन्न क्षेत्रों का बताया जा रहा है। प्रशासन की इस कार्रवाई से बालू कारोबारियों में हड़कंप है। परसाबाद स्थित बराकर नदी घाट से प्रतिदिन सैकड़ों की संख्या में ट्रैक्टर में अवैध बालू लोडकर परिवहन किया जाता है तथा हजारीबाग जिले के विभिन्न स्थानों पर ऊंचे दामों में बेचा जाता है। उल्लेखनीय है कि जयनगर प्रखंड के विभिन्न बालू घाटों से प्रतिदिन अवैध बालू का खनन और परिवहन किया जा रहा है जिससे सरकार को राजस्व की भारी क्षति हो रही है। वहीं आम लोगों को भी काफी ऊंचे दामों में बिचौलियों की ओर से बेचा जा रहा है जिससे अबुआ आवास, प्रधानमंत्री आवास बनाने वाले लाभुकों को काफी परेशानी उठानी पड रही है।

## न्यूज IN ब्रीफ

### रामनवमी पूजा और अखाड़ा जुलूस को लेकर श्री श्री बजरंगबली पूजा समिति की बैठक



साहिबगंज/कोटालपोखरःआगामी 6 अप्रैल को आयोजित होने वाली रामनवमी पूजा और अखाड़ा जुलूस की तैयारियों को लेकर शनिवार देर शाम श्री श्री बजरंगबली पूजा समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।बैठक की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष प्रणव कुमार साह ने की,जिसमें समिति के सदस्यों, वरिष्ठ नागरिकों तथा समाजसेवियों ने भाग लिया।बैठक में रामनवमी पूजा और अखाड़ा जुलूस को धूमधाम और शांतिपूर्ण तरीके से आयोजित करने के लिए कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की गई।इस अवसर पर भाजपा नेता एवं पूर्व विस सूत्री अध्यक्ष रंजीत साह और वरिष्ठ पत्रकार अनंत तिवारी भी विशेष रूप से उपस्थित रहे।बैठक में पूजा समिति के सचिव दिवाकर साह,उपाध्यक्ष अमित गुप्ता,सह सचिव शंकर साह, पूजा प्रभारी पंकज गुप्ता,साथ ही सक्रिय सदस्य सुनील गुप्ता, राजीव गुप्ता,ऋषभ सिंह,प्रीतम साह,निखिल सिंह,विष्णु केशरी,राज कुमार सिंह, राकेश साह,शुभम साह,संजय साह आदि ने भाग लिया।सभी सदस्यों ने रामनवमी पर्व को भव्य रूप से मनाने और अखाड़ा जुलूस को सुव्यवस्थित ढंग से संचालित करने के लिए अपनी राय रखी।बैठक में सुरक्षा,यातायात व्यवस्था,अनुशासन और अन्य आवश्यक तैयारियों पर विस्तार से चर्चा की गई।समिति के सदस्यों ने श्रद्धालुओं से शांति, सौहार्द और धार्मिक उत्साह के साथ त्योहार मनाने की अपील की।साथ ही सभी लोगों से अनुरोध किया गया कि वे मिलजुलकर इस पर्व को मनाएं और सभी संबंधों में सौहार्द बनाए रखें।

### होली खेलने का मतलब है अपनी बुराइयों की होलिका जलाकर एक दूसरे प्रेम का रंग लगाना :ब्रह्माकुमारी



**साहिबगंजः**अलौकिक होली स्नेह मिलन समारोह का आयोजन प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय द्वारा मछुआ सोसाइटी हॉल में अलौकिक होली स्नेह मिलन समारोह आयोजित किया गया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में एसडीओ अंगार नाथ स्वर्णकार मौजूद थे।कार्यक्रम में प्रसिद्ध चिकित्सक विजय कुमार, शकुंतला सहाय,डॉ रंजन प्रसाद डॉ अशोक ठाकुर,समाजसेवी बजरंगी प्रसाद यादव,बार अशोसिएशन के अध्यक्ष प्रेम तिवारी मारवाड़ी समाज के अध्यक्ष राजेश अग्रवाल आदि मौजूद थे।भागवत पुराण में वर्णित भक्त प्रह्लाद का नाट्य मंचन किया गया।धनबाद से पहुंचे कलाकारों ने होलिका दहन के रहस्य को नाटक के माध्यम से बताया और सच्ची व रूहानी होली मनाने से होने वाली प्राप्तियों को बताया।सैकड़ों की संख्या में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए साहिबगंज मुख्य सेवाकेंद्र प्रभारी अनु दीदी ने कहा कि अलौकिक होली खेलने का मतलब है अपनी बुराइयों की होलिका जलाकर एक दूसरे को परमात्मा के संग का रंग लगाना जिससे पूरी मानव जाति का कल्याण हो जाए।स्थूल रंग और गुलाल के बजाए फूलों की होली खेली गई।मंच संचालन प्रेरक वक्ता मनीषा मंजरी ने किया।कार्यक्रम के अंत में भोग वितरण किया गया।

### राजस्थान से उतर प्रदेश के रास्ते बिहार लायी जा रही 45 लाख की शराब बरामद

**पलामू :** पलामू प्रमंडल अंतर्गत गढ़वा जिले के श्री बंशीधर नगर थाने की पुलिस को होली से बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने राजस्थान से उतर प्रदेश के रास्ते बिहार ले जाये जा रहे एक ट्रक अवैध विदेशी शराब को जब्त किया है। जब्त शराब लगभग 45 लाख रुपये मूल्य की बताई जा रही है। यह जानकारी रविवार को श्री बंशीधर नगर थाना में आयोजित प्रेसवार्ता में एसडीपीओ सत्येंद्र नारायण सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि उतर प्रदेश की ओर से अवैध विदेशी शराब लोड एक ट्रक नगर ऊंटारी थाना क्षेत्र के पाल्हे कला निमियाडीह स्थित एनएच 75 के किनारे रॉयल किचन रेस्टोरेंट एवं ढाबा पर खड़ी है। एसपी के निदेर्शानुसार उनके नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। टीम ने रॉयल किचन रेस्टोरेंट एवं ढाबा पर पहुंच कर पूरे मामले की जांच की गई। जांच के दौरान ढाबा के बाहर खड़ी ट्रक एमपी 65 जीए 1620 की जांच की गई। जांच के दौरान चालक से ट्रक में लोड सामान के बारे में पूछताछ की गई तो चालक की ओर से ट्रक में प्लास्टिक स्क्रैप लोड होने की बात बताई गई। चालक से जब प्लास्टिक स्क्रैप से सम्बंधित दस्तावेज प्रस्तुत किया गया। दस्तावेज सही नहीं पाये जाने पर चालक के सामने ट्रक को खोला गया तो ट्रक में धान की भूसी से भरा प्लास्टिक बोरा पाया गया, जिसे हटाने पर उक्त ट्रक में अवैध विदेशी शराब पाई गई। सभी शराब की बोतल पर (फॉर सेल इन पंजाब ओनली) लिखा हुआ है।

पूछताछ के क्रम में ट्रक चालक ने बताया कि अवैध विदेशी शराब को संगठित गिरोह की ओर से जालंधर (पंजाब) से पटना (बिहार) में होली त्यौहार के लिये सप्लाई किया जाना था। पुलिस और सेल टैक्स ऑफिसर से बचने के लिये गुरुजी नामक व्यक्ति फोन पर लोकेशन देते हुये चल रहा था। बाद में पुलिस ने उक्त ट्रक को जब्त कर लिया। चालक खेता राम (24) को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। गिरफ्तार चालक राजस्थान के बाड़मेर जिला अंतर्गत सेड़वा थाना क्षेत्र के दीपला का रहने वाला है। जब्त शराब में इंपीरियल ब्लू 750 एमएल 4080 पीस 340 कार्टून, इंपीरियल ब्लू 180 एमएम 11520 पीस 240 कार्टून, मैक डॉल नंबर 1 ओरिजनल ब्लेंडेड व्हिस्की 375 एमएल 2640 पीस 110 कार्टून, मैक डॉल नंबर 1 डीलक्स व्हिस्की ओरिजनल 375 एमएल 600 पीस 25 कार्टून, एक ट्रक एमपी 65 जीए 1620, प्लास्टिक स्क्रैप संबंधित फर्जी दस्तावेज, दो एंड्रॉयड मोबाईल, प्लास्टिक के बारे में भरा धान की भूसी 30 बोरा शामिल है।



## सलमान की फिल्म सिकंदर के रीमेक की अफवाहों पर निर्देशक ने तोड़ी चुप्पी

ईद पर रिलीज होने वाली सलमान खान की फिल्म सिकंदर के बारे में अफवाहें उड़ी थीं कि यह फिल्म रीमेक है। इस पर फिल्म के निर्देशक आर मुर्गदास ने चुप्पी तोड़ी है।

बॉलीवुड में कई फिल्में रीमेक हैं। सलमान खान ने भी कई रीमेक फिल्में बनाई हैं। ऐसे में सलमान खान की आने वाली फिल्म सिकंदर के बारे में भी अफवाहें हैं कि वह रीमेक है। अफवाहें हैं कि यह फिल्म सालार फिल्म की रीमेक है। लेकिन इस अफवाह पर फिल्म के निर्देशक एआर मुर्गदास ने चुप्पी तोड़ी है।

रीमेक नहीं है सलमान खान की फिल्म सिकंदर

रीमेक की अफवाहों पर लगाम लगाते हुए एआर मुर्गदास ने कहा है यह एकदम असली कहानी है। हर सीन, सिकंदर का हर फ्रेम पूरी मौलिकता के साथ डिजाइन किया गया है। यह लोगों को नया अनुभव देगी। यह किसी फिल्म की रीमेक नहीं है। फिल्म की मौलिकता का एक अनिवार्य हिस्सा इसका शानदार बैकग्राउंड स्कोर है। जिसे संतोष नारायणन ने तैयार किया है। उनका संगीत अच्छा है और दृश्यों से मेल खाता है।

### 'मी टू' मामले पर शिकायत याचिका खारिज होने पर बोलीं तनुश्री दत्ता, कहा-

# अफवाहों से बचें





**अभिनेता** नाना पाटेकर पर तनुश्री दत्ता द्वारा 'मी टू' आरोप लगाया गया था, जिसको लेकर अभिनेता को राहत मिलने की खबर आई थी। अब अभिनेत्री ने नाना पाटेकर को आरोपों से राहत मिलने वाली खबरों को खारिज किया है। उन्होंने सारी खबरों को फर्जी बताया। साथ ही खुलासा किया कि अभी उनकी शिकायत को लकेर कोई अपडेट नहीं आया है। जानिए पूरी खबर।

### केस में हो चुकी है उनकी जीत

अभिनेत्री तनुश्री दत्ता ने हाल ही में एक इंस्टाग्राम पोस्ट शेयर किया है। इस पोस्ट में एक्ट्रेस ने लिखा कि उनके द्वारा नाना पाटेकर पर लगाए गए आरोप अभी खारिज नहीं हुए हैं। उनका मामला अभी बंद नहीं हुआ है, साथ ही उन्होंने सभी खबरों को अफवाह बताया, जो इस वक्त मीडिया में प्रसारित हो रहे हैं। अभिनेत्री ने लिखा, 2019 में मुंबई पुलिस द्वारा नाना पाटेकर समेत अन्य पर यौन उत्पीड़न शिकायत वाली बी-समरी रिपोर्ट को कोर्ट ने कैंसिल किया है, ना कि उनके द्वारा लगाए गए यौन उत्पीड़न आरोपों को। तनुश्री दत्ता ने आगे कहा कि हर साल नाना पाटेकर की पीआर टीम फर्जी अफवाहें फैलाने में लगी रहती है। उन्होंने बताया कि जल्द ही नाना पाटेकर पर आरोप पत्र दायर किया जाएगा और उन्हें न्याय मिलेगा।

### क्या है मामला

अभिनेत्री तनुश्री दत्ता ने नाना पाटेकर, कोरियोग्राफर गणेश आचार्य, निर्देशक अब्दुल सामी सिद्दीकी और निर्माता राकेश सारंग पर 2008 में एक डांस सीक्वेंस के दौरान यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया था। इस मामले में इन चारों के खिलाफ ओशिवारा पुलिस स्टेशन में एफआईआर दर्ज की गई थी।

## प्रियंका चोपड़ा ने 3 बच्चों के बाप संग

# किसिंग सीन करने से किया था इनकार



बॉलीवुड से लेकर साउथ तक फिल्मों में किसिंग सीन होना आम बात होती है. फिल्मों में ये चलन काफी पुराना है और आजकल ज्यादा ही किसिंग सीन देखने को मिल जाते हैं. फिल्मों में किसिंग सीन को लेकर कई बार विवाद भी हुआ है. लेकिन क्या आप जानते हैं कि कई एक्ट्रेसेस ने अपने को-एक्टर को किस करने से मना कर दिया था. आज हम आपको उस फिल्म के किसिंग सीन को लेकर बताने वाले हैं जिसमें एक्ट्रेस ने को-स्टार संग किस करने के लिए मना कर दिया था. एक्ट्रेस का कहना था कि वो उनसे उम्र में काफी बड़ा है. आइए जानते हैं कि ये किस्सा किस फिल्म का है.

### फिल्म सात खून माफ का है किस्सा

साल 2011 में डायरेक्टर विशाल भारद्वाज की फिल्म की सात खून माफ आई थी. इसमें तमाम स्टार्स ने काम किया था. फिल्म सात खून माफ में प्रियंका चोपड़ा और अन्नू कपूर महत्वपूर्ण भूमिका में थे. फिल्म में की स्क्रिप्ट के डिमांड के हिसाब से प्रियंका चोपड़ा को अन्नू कपूर के साथ किसिंग और इंटीमेटे सीन फिल्माना था लेकिन ऐसा हुआ नहीं. दरअसल, अन्नू कपूर के साथ किसिंग सीन करने से प्रियंका चोपड़ा ने साफ मना कर दिया था. खबरों में बताया जाता है कि प्रियंका चोपड़ा का मानना था कि अन्नू कपूर उम्रदराज एक्टर हैं और 3 बच्चों के पिता हैं. प्रियंका चोपड़ा की इस बात से अन्नू कपूर गुस्सा हो गए थे और सेट पर नाराजगी व्यक्त की थी. गौरतलब है कि प्रियंका चोपड़ा और अन्नू कपूर की उम्र में 26 का फासला है.

## जेलर 2 को लेकर आई

# बड़ी जानकारी



**रजनीकांत** के फैंस के लिए खुशखबरी है। वह एक बार फिर बड़े पर्दे पर अपनी दमदार उपस्थिति दर्ज कराने के लिए तैयार हैं। उनके पास कई बड़ी फिल्में हैं, जिनमें से एक जेलर 2 भी है। फिल्म में फैंस रजनीकांत को एक बार फिर से पहले भाग की तरह मुथुवेल पांडीयन के किरदार में देखे सकेंगे। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक जेलर 2 की शूटिंग अगले हफ्ते में शुरू होने वाली है। फिल्म की टीम पहले चेन्नई में शूटिंग करेगी। उसके बाद गोवा और तमिलनाडु के थेनी में आगे की शूटिंग की जाएगी। फिल्म में एक बार फिर से अनिरुद्ध रविचंदर का संगीत सुनने को मिलेगा। वहीं, फिल्म का निर्देशन नेल्सन दिलीप कुमार करने वाले हैं। फिल्म सिनेमाघरों में कब तक दस्तक देगी इस बात का अभी आधिकारिक एलान नहीं किया गया है।

# 'चॉइस को सेलिब्रेट करती नजर आई तापसी पन्नू



अभिनेत्री तापसी पन्नू ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर नई तस्वीरें पोस्ट की हैं जिसमें वह निडर और बिना किसी झिझक के फैसले लेने के सार के साथ चॉइस को सेलिब्रेट करती नजर आ रही हैं। तापसी ने अपने इंस्टाग्राम पर अपनी कई तस्वीरें पोस्ट कीं। पहली तस्वीर में अभिनेत्री काले रंग की नेट वाली ड्रेस पहने कैमरे के लिए पोज देती दिखाई दीं। एक अन्य तस्वीर में अभिनेत्री खिड़की से बाहर देखती नजर आईं। तीसरी और चौथी फोटो में रश्मि रॉकेट स्टार का क्लोज-अप था। आखिरी तस्वीर बहुत प्यारी थी, जिसमें अभिनेत्री, अपने घुंघराले बाल खुले रखे हुए मुस्कुरा रही थीं और कैमरे से दूर देख रही थीं। तस्वीरों के साथ अभिनेत्री ने कैप्शन में लिखा, अपनी चॉइस का जश्न मनाती एक शाम। अभिनेत्री ने इंस्टाग्राम पर पहले सीमाओं को तोड़ने और नई संभावनाओं को खोजने के लिए सीमाओं से परे एक दुनिया की खोज करने के बारे में बात की थी। वर्कफ्रंट की बात करें तो अभिनेत्री अगली बार एक्शन फिल्म गांधारी में दिखाई देंगी, जहां वह अपने स्टंट खुद करती नजर आएंगी। लेखिका-निर्माता कनिका ढिल्लों ने भी हाल ही में एक्शन दृश्यों को बेहतरीन ढंग से निभाने के लिए तापसी की सराहना की थी। 'गांधारी' की निर्माता-लेखिका कनिका ढिल्लों ने बताया कि तापसी में एक अलग तरह की फुर्ती है, वह एक्शन फिल्म के लिए परफेक्ट हैं। ऑनलाइन स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स की रिपोर्ट के अनुसार 'गांधारी' एक रोमांचक कहानी है, जिसके बैकग्राउंड में मनोरंजन, रहस्य और खूब सारा एक्शन हैं। दर्शक तापसी पन्नू को एक मिशन पर निकली ऐसी मां के किरदार में देखेंगे, जो मजबूत है।

### करण जौहर बोले-

# 'मैं हूं भारतीय सिनेमा का असली बादशाह'



करण जौहर और कार्तिक आर्यन के बीच हो गई बहस। करण जौहर ने खुद को बताया इंडियन सिनेमा का असली बादशाह, जानिए कार्तिक आर्यन ने क्या दी प्रतिक्रिया। बॉलीवुड के चमकते सितारे कार्तिक आर्यन लगातार चर्चाओं में बने रहते हैं। हाल ही में कार्तिक आर्यन ने अपने सोशल मीडिया पर निर्माता-निर्देशक करण जौहर के साथ एक मजेदार वीडियो शेयर किया है। ये वीडियो तब का है जब दोनों स्टार 25वें आईफा अवॉर्ड्स के लिए जयपुर पहुंचे थे। इस वीडियो में दोनों एक-दूसरे पर तंज कस रहे हैं और इस बात पर बहस कर रहे हैं कि भारतीय सिनेमा का असली राजा कौन है?

### कौन है भारतीय सिनेमा का असली बादशाह ?

वीडियो की शुरूआत में करण जौहर कार्तिक आर्यन से कहते हैं, कार्तिक, रॉयल्टी का भी कुछ मतलब होता है। बॉलीवुड का बादशाह मैं हूं, तुम नहीं। इस पर कार्तिक जवाब देते हुए कहते हैं, अगर आप बादशाह हो, तो मैं इंडियन सिनेमा का राजकुमार हूं। इस पर करण कहते हैं, हे भगवान, तुम और रॉयल्टी? असली रॉयल्टी मैं हूं। जिसके बाद भूल भूलैया 3 स्टार कार्तिक करण जौहर के ट्रांसफॉर्मेशन और उनके दुबले होने पर मजाकिया लहजे में तंज कसते हुए कहते हैं, आप इतने पतले कैसे हुए हो? ऐसा लग रहा है किसी ने करण भेज दिया है, और जौहर अभी बाकी है।

## रोहित शर्मा ने संन्यास की अटकलों को किया खारिज, कहा

# मैं संन्यास नहीं लेने वाला

एजेंसी

**दुबई।** दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में रविवार रात भारत द्वारा न्यूजीलैंड को हराकर चैंपियंस ट्रॉफी फाइनल जीतने के बाद कप्तान रोहित शर्मा ने अपने करियर को लेकर चल रही अटकलों पर विराम लगा दिया। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा, 'मैं संन्यास नहीं लेने वाला।'

रोहित ने इस विषय पर खुद पहल करते हुए कहा, 'एक और बात। मैं इस प्रारूप से संन्यास नहीं लेने वाला, ताकि आगे कोई अफवाह न फैले।' भारत को चार क्ळउ ट्रॉफी फाइनल में पहुंचाने और दो खिताब जिताने वाले इस दिग्गज बल्लेबाज ने यह घोषणा आत्मविश्वास के साथ की।





यह बयान उन्होंने किसी सवाल के जवाब में नहीं, बल्कि एक स्पष्ट घोषणा के रूप में दिया। फाइनल के बाद पारंपरिक मीडिया कॉन्फ्रेंस के बाद, उन्होंने खुद इस विषय पर अपनी स्थिति स्पष्ट की और यह सुनिश्चित किया कि उनके भविष्य को लेकर कोई गलतफहमी न हो।प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान एक सवाल के जवाब में उन्होंने हिंदी में कहा, 'फ्यूचर प्लान? कोई फ्यूचर प्लान नहीं है। जो चल रहा है, वही चलता रहेगा।' उनके इस बयान से यह स्पष्ट संकेत मिला कि उनमें अभी भी क्रिकेट के लिए जबरदस्त जोश और भूख बनी हुई है।

चैंपियंस ट्रॉफी में रोहित शर्मा का प्रदर्शन शानदार रहा, जहां उन्होंने 180 रन बनाए और इसी दौरान अपने 11,000 अंतरराष्ट्रीय वनडे रन भी पूरे किए। 273 वनडे मैचों में उन्होंने 48.76 की औसत से 11,168 रन बनाए हैं, जिसमें 32 शतक शामिल हैं, जिनमें से तीन दोहरे शतक हैं।

इस टूर्नामेंट के दौरान रोहित के संन्यास को लेकर लगातार चचाएं हो रही थीं, खासकर क्योंकि उन्होंने पिछले साल जून में बारबाडोस में टी20 विश्व कप जीतने के बाद टी20 प्रारूप से संन्यास लेने की घोषणा कर दी थी। रोहित के अलावा विराट कोहली को लेकर भी ऐसी अटकलें थीं कि वे भी संन्यास की घोषणा कर सकते हैं। हालांकि, कोहली ने इस टूर्नामेंट में बेहतर प्रदर्शन किया और पांच मैचों में 218 रन बनाए, जिसमें एक शतक भी शामिल है। रोहित की तरह, कोहली ने भी बारबाडोस में टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कह दिया था।

### हैरी ब्रुक ने आईपीएल 2025 से नाम वापस लिया, इंग्लैंड के लिए तैयारी को बताया प्राथमिकता

नई दिल्ली : इंग्लैंड के मिडिल-ऑर्डर बल्लेबाज हैरी ब्रुक ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 से अपना नाम वापस ले लिया है। उन्होंने अपने इस फैसले की वजह इंग्लैंड क्रिकेट टीम के साथ अपनी आगामी प्रतिबद्धताओं और तैयारी को बताया है। ब्रुक को नवंबर में हुई मेगा नीलामी में दिल्ली कैपिटल्स ने 6.25 करोड़ रुपये में खरीदा था। हालांकि, यह लगातार दूसरा वर्ष है जब उन्होंने आईपीएल से नाम वापस लिया है, जिससे उन पर टूर्नामेंट में दो साल का प्रतिबंध लगने का खतरा बन गया है। आईपीएल द्वारा लागू किए गए नए नियम के अनुसार, ₹यदि कोई खिलाड़ी नीलामी में अपना नाम दर्ज कराता है और चयनित होने के बाद टूर्नामेंट शुरू होने से पहले खुद को अनुपलब्ध घोषित करता है, तो उसे आगामी दो सत्रों के लिए आईपीएल और नीलामी में भाग लेने से प्रतिबंधित कर दिया जाएगा।₹ हालांकि, यह नियम केवल उन खिलाड़ियों पर लागू नहीं होगा जो चोट या अन्य चिकित्सा कारणों से बाहर होते हैं। ब्रुक ने सोशल मीडिया पर अपने बयान में कहा, ₹यह इंग्लैंड क्रिकेट के लिए एक बहुत महत्वपूर्ण समय है और मैं आगामी सीरीज की तैयारियों पर पूरी तरह ध्यान केंद्रित करना चाहता हूं।

# चमचमाती ट्रॉफी के साथ रोहित शर्मा ने आलोचकों को दिया करारा जवाब

एजेंसी

**नई दिल्ली :** दुबई में खेले गए चैंपियंस ट्रॉफी फाइनल में रोहित शर्मा ने 76 रनों की शानदार पारी खेलकर अपनी टीम को खिताबी जीत दिलाई। बीते छह महीनों में रोहित के लिए यह सफर उतार-चढ़ाव से भरा रहा, जहां रन बनाने में कठिनाइयों के कारण उन्हें टीम से खुद को बाहर तक करना पड़ा था। लेकिन जैसा कि कहा जाता है, अंधेरे के बाद उजाला जरूर आता है। रोहित के लिए यह उजाला नहीं, बल्कि चमक, दीप्तिमान और गौरवशाली था।

### आलोचनाओं के बीच रोहित का अडिग आत्मविश्वास

रोहित की बल्लेबाजी शैली को लेकर दिग्गजों ने सवाल उठाए थे, खासकर उनकी छोटी पारियों की आलोचना हो रही थी। लेकिन फाइनल मुकाबले में उनकी पारी ने सभी आलोचकों को चुप करा दिया। 41, 20, 15 और 28 रनों की पारियों के बाद उन्होंने सबसे महत्वपूर्ण मैच में 76 रन बनाकर टीम को जीत की राह पर ला खड़ा किया। रोहित की बल्लेबाजी में आक्रामकता के साथ-साथ दृढ़ता भी नजर आई। उन्होंने पावरप्ले में तेजी से रन बटोरने की कोशिश की ताकि बाद में टीम को परेशानी न हो। धीमी पिचों पर रन बनाना मुश्किल था, लेकिन उन्होंने हर मैच में खुद को साबित करने की कोशिश जारी रखी।

### कप्तानी में भी दिखाई कुशलता

रोहित न केवल बल्लेबाज बल्कि एक बेहतरीन कप्तान भी हैं। उन्होंने भारत को चार आईसीसी फाइनल्स तक पहुंचाया, जिनमें से दो में जीत हासिल की। कप्तान के तौर पर उनकी सबसे बड़ी जिम्मेदारी टीम को ऊर्जावान और प्रतिबद्ध बनाए रखना था, और उन्होंने इसे बखूबी निभाया।

उन्होंने आलोचनाओं पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा, ₹हर बार फील्ड पर उतरने का मतलब यह नहीं होता कि हम हर मुकाबला जीतेंगे। खेल में हार-जीत होती रहती है। हमने न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज गंवाई, लेकिन इसका यह मतलब नहीं कि टीम कमजोर हो गई है। यह खेल का हिस्सा है।

### टीम को लेकर रोहित का विश्वास

रोहित का मानना है कि भारतीय टीम बेहद प्रतिभाशाली है और इसमें कोई संदेह नहीं कि यह दुनिया की सबसे बेहतरीन टीमों में से एक है। उन्होंने पूर्व कोचों और कप्तानों का भी आभार जताया और कहा, ₹यह सिर्फ मेरी मेहनत नहीं है, बल्कि मुझसे पहले के कप्तानों, कोचों जैसे राहुल द्रविड़ और गौतम गंभीर का भी योगदान रहा है। भारत एक शानदार टीम है।

# छात्राओं की ऊर्जा और आत्मविश्वास राष्ट्र के उज्ज्वल भविष्य की नींव : मुख्यमंत्री

एजेंसी

**नई दिल्ली :** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि छात्राओं की ऊर्जा, आत्मविश्वास और संकल्पशक्ति ही राष्ट्र के उज्ज्वल भविष्य की नींव है। वह सोमवार को यहां अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) द्वारा आयोजित छात्रा संसद को संबोधित कर रही थीं। उन्होंने कहा कि यहां पर नई पीढ़ी के सपनों, विचारों और संकल्पों को सुनने का मौका मिला। इस छात्रा संसद के मंच से युवतियों की भागीदारी और नेतृत्व क्षमता को देखकर गर्व महसूस हुआ। छात्रा संसद का आयोजन नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी)




के कन्वेंशन सेंटर में किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस छात्रा संसद में देश के अलग-अलग कोने से छात्राएं आई हुई हैं। मैंने यहां युवाओं से दिल्ली के लिए उनके सुझाव भी मांगे कि वे दिल्ली को किस दृष्टि से देखते हैं और उनकी अपेक्षाएं क्या हैं? इन छात्राओं ने देशहित में काम करने का जो संकल्प लिया है, वह अपने आप में बहुत महत्वपूर्ण है।छात्रा संसद का मुख्य उद्देश्य छात्राओं की वैचारिक स्पष्टता बढ़ाना और उन्हें प्रभावी नेतृत्व के लिए प्रेरित करना है। इस संसद में शिक्षा, सुरक्षा, स्वास्थ्य, स्वावलंबन, भारतीय चिंतन में महिला की भूमिका और विकसित भारत 2047 में महिलाओं की सहभागिता जैसे विषयों पर गहन विचार-विमर्श किया गया। महिलाओं की शिक्षा और सशक्तीकरण को बढ़ावा देने के लिए इस संसद में देशभर से 250 से अधिक छात्राएं हिस्सा ले रही हैं।

### कलकत्ता हाई कोर्ट के जज जस्टिस जोयमाला बागची सुप्रीम कोर्ट के जज नियुक्त

**नई दिल्ली :** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कलकत्ता हाई कोर्ट के जज जस्टिस जोयमाला बागची को सुप्रीम कोर्ट का जज नियुक्त किया है। अब सुप्रीम कोर्ट में जजों की संख्या 33 हो जाएगी। सुप्रीम कोर्ट में जजों की स्वीकृत संख्या 34 है। सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने इससे पहले 6 मार्च को जस्टिस जोयमाला बागची को सुप्रीम कोर्ट के जज के रूप में नियुक्त करने की सिफारिश की थी। जस्टिस जोयमाला बागची 26 मई, 2031 को चीफ जस्टिस बनेंगे। जस्टिस बागची के नाम की सिफारिश करते समय सुप्रीम कोर्ट की कॉलेजियम ने इस बात पर गौर किया था कि पूर्व चीफ जस्टिस अल्तमस कबीर के 18 जुलाई, 2013 में रिटायर होने के बाद कलकत्ता हाई कोर्ट से कोई चीफ जस्टिस नहीं बना है।

## मदुरै-हैदराबाद के बीच उड़ान का समय 30 मार्च से बदलेगा



एजेंसी

चेन्नई, 10 मार्च (हि.स.)। मदुरै और हैदराबाद के बीच उड़ानें संचालित करने वाली इंडिगो और स्पाइसजेट एयरलाइन्स ने मदुरै-हैदराबाद रूट पर अपनी फ्लाइट शेड्यूल में बदलाव करने का ऐलान किया है। यह बदलाव 30 मार्च से प्रभावी होगा। नई शेड्यूल के अनुसार, हैदराबाद से मदुरै के लिए फ्लाइट सुबह 5:35 बजे से उड़ान भरेगी और मदुरै में सुबह 7:15 बजे पहुँचेगी। अभी यह हैदराबाद से फ्लाइट प्रतिदिन सुबह 6:30 बजे से उड़ान भर कर मदुरै हवाई अड्डे पर सुबह 8:05 बजे पहुंचती है। इसी तरह वापसी में मदुरै से सुबह 8:55 बजे उड़ानभर कर हैदराबाद सुबह 10:40 बजे पहुंचे के स्थान पर सुबह 7:45 बजे उड़ान भरेगी और हैदराबाद में सुबह 9:25 बजे पहुंचेगी। इसके अलावा, इस रूट पर एक और फ्लाइट, जो वर्तमान में हैदराबाद से दोपहर 12:50 बजे से उड़ान भरती है और मदुरै में दोपहर 2:25 बजे पहुंचती है, की टाइमिंग भी बदली जाएगी। अब 30 मार्च से यह फ्लाइट हैदराबाद से दोपहर 2:55 बजे से उड़ान भरेगी और मदुरै में दोपहर 4:30 बजे पहुंचेगी। इसी प्रकार मदुरै से दोपहर 5:05 बजे से उड़ान भरेगी और हैदराबाद में शाम 6:40 बजे पहुंचेगी। इस बदलाव के बारे में अधिक जानकारी के लिए यात्री एयरलाइन की आधिकारिक वेबसाइट या ग्राहक सेवा नंबर पर संपर्क कर सकते हैं।

# मप्र के सीधी में जीप और टैंकर की भिड़ंत में आठ की मौत, 14 घायलों में सात की हालत गंभीर

- ✔ मुख्यमंत्री ने हादसे पर जताया दुख, दिए दो-दो लाख रुपये की आर्थिक सहायता के निर्देश

एजेंसी

**सीधी :** मध्य प्रदेश के सीधी जिले में सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत रविवार की रात एक तेज रफ्तार टैंकर और जीप के बीच सीधी भिड़ंत हो गई। इस हादसे में आठ लोगों की मौत हो गई जबकि 14 लोग घायल हुए हैं, जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती किया गया है। घायलों में सात को गंभीर हालत में रीवा मेडिकल अस्पताल में रेफर किया गया है। मृतकों में पांच महिलाएं और तीन पुरुष के साथ छह बच्चे भी शामिल हैं। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने हादसे पर दुख व्यक्त करते हुए मृतकों के परिजनों को दो-दो लाख रुपये की आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। कोतवाली थाना प्रभारी पुष्पेंद्र मिश्रा ने बताया कि राजमणि साहू अपनी बेटी का मुंडन संस्कार कराने के लिए तूफान जीप से मैहर के ग्राम झोखों जा रहे थे। उनके परिवार के साथ ससुराल पक्ष के लोग भी थे।



जीप में कुल 21 लोग सवार थे। जब उनकी जीप सीधी में पेट्रोल पंप के पास रविवार की रात करीब ढाई बजे पहुंची तो सीधी से बहरी की ओर जा रहे तेज रफ्तार टैंकर ने जीप को सामने से टक्कर मार दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया। पुलिस ने घायलों को जीप से निकालकर अस्पताल पहुंचाया। उन्होंने बताया कि हादसे में आठ लोगों की मौत हुई है। मृतकों में कुंजलाल साहू (32 वर्ष) पुत्र लखपत साहू, एतवरिया साहू (48) पत्नी राजमन साहू, गंगा साहू (60) पुत्र सहदेव साहू, एतवरिया साहू (50) पत्नी दीनदयाल साहू, सुखरजुआ (34) पत्नी श्यामलाल साहू, फूलकली साहू (50) पत्नी तीरथ साहू, सुशीला साहू (40) पत्नी लालमन साहू निवासी शामिल है। एक मृतक की पहचान नहीं हो पाई है। सभी मृतक सीधी जिले के ग्राम पड़रिया और देवरी के रहने वाले थे। वहीं, घायलों में ज्योति साहू (8) पुत्री संतोष साहू निवासी मिटिहनी थाना बहरी, संध्या साहू (7) पुत्री कुंजलाल साहू निवासी मिटिहनी, ममता साहू (30) पत्नी कुंजलाल साहू निवासी मिटिहनी थाना बहरी, शिवकुमार साहू (28) पुत्र राजमणि साहू निवासी पड़रिया थाना बहरी, संतोष साहू (30) पुत्र राजमणि साहू निवासी मिटिहनी थाना बहरी, शिवम साहू (8) पुत्र संतोष साहू निवासी मिटिहनी थाना बहरी, सुरेंद्र साहू (12) पुत्र संतोष साहू निवासी मिटिहनी, शिवनारायण साहू (23) पुत्र राजमणि साहू निवासी मिटिहनी, आरती साहू (23) पत्नी शिवनारायण साहू निवासी मिटिहनी थाना बहरी, सरस्वती साहू (7) पुत्री शिवशंकर साहू निवासी मिटिहनी थाना बहरी, नीरज साहू (28) पुत्र रामेश्वर साहू निवासी मिटिहनी थाना बहरी, सौरव साहू (3) पुत्र शिवशंकर साहू निवासी देवरी थाना बहरी, शिवशंकर साहू (32) पुत्र दीनदयाल साहू निवासी देवरी थाना बहरी, जीप चालक प्रदीप साहू (30) पुत्र राममिलन साहू निवासी पराई कर्थुआ थाना चितरंगी जिला सिंगरौली शामिल हैं। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सोमवार को सोशल मीडिया के माध्यम से हादसे पर दुख व्यक्त किया है। उन्होंने एक्स के माध्यम से कहा कि सीधी जिले अंतर्गत उपनी गांव के समीप देर रात एक भीषण सड़क दुर्घटना में मैहर माता के दर्शन करने जा रहे यात्री वाहन और ट्रक की भयानक टक्कर में आठ यात्रियों की असामयिक दर्दनाक मृत्यु का अत्यंत ही दुःखद समाचार मिला है।

# झांसी के 57 हजार किसानों को में पीएम फसल बीमा की 29.46 करोड़ राशि जारी

**झांसी :** बीते दिनों गरौठा विधायक जवाहर लाल राजपूत ने अतिवृष्टि से खरीफ की फसल नुकसान का मुद्दा उठाये जाने के बाद प्रधानमंत्री फसल बीमा क्षतिपूर्ति की धनराशि जारी की जाने लगी है। जिले के 57 हजार किसानों को 29.46 करोड़ की फसल बीमा क्षतिपूर्ति राशि जारी कर दी गई है। गरौठा विधायक जवाहर लाल राजपूत ने बीते दिनों प्रमुख सचिव कृषि रविंद्र कुमार से मुलाकात कर किसानों की फसल नुकसान का मामला उठाया था। उन्होंने प्रमुख सचिव कृषि को किसानों की परेशानी बयां की। विधायक ने बताया कि झांसी जिले की तहसीलों में सितम्बर 2024 में लगातार हुई बारिश से उड़द, तिल, मूंग, मूंगफली, ज्वार, मक्का, तिल, सोयाबीन व धान की फसल लगभग 50 प्रतिशत तक बर्बाद हो गई थी। विधायक ने क्राप कटिंग के सही-सही आंकलन व सही आंकड़े जुटाये जाने का अनुरोध किया था। इस दौरान बीमा कंपनी पर भी सवाल उठाए थे। किसानों की इस समस्या को लेकर प्रमुख सचिव कृषि ने उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया था। गरौठा विधायक जवाहर राजपूत ने सोमवार को बताया कि उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने किसानों को भारी बारिश के कारण हुए नुकसान को गंभीरता से लिया

और बीते साल सितंबर में हुई भारी बारिश से फसलों के नुकसान पर प्रधानमंत्री फसल बीमा क्षतिपूर्ति के रूप में जिले के 57 हजार 885 किसानों के खातों में 29 करोड़ 46 लाख, 95 हजार 859 की धनराशि जारी कर दी गई है।

# टीएमसी का आव्हान, प्रतिमा निर्माण हेतू मुफ्त शादू मिट्टी उपलब्धता 15 मार्च तक

**मुंबई :** हर वर्ष की भांति पर्यावरण अनुकूल त्योहार मनाने के लिए, ठाणे नगर निगम मूर्ति निमार्ताओं को मूर्ति बनाने के लिए मुफ्त मिट्टी और स्थान प्रदान करेगा। अब तक 10 मूर्तिकारों ने शाडू मिट्टी के लिए तथा 5 मूर्तिकारों ने स्थान के लिए आवेदन किया है। ठाणे मनपा ने आव्हान किया है कि मिट्टी की उपलब्धता और वार्ड-वार स्थान नियोजन सुनिश्चित करने के लिए, मूर्तिकारों को 15 मार्च तक ठाणे नगर निगम के पास शादु मिट्टी की अपनी मांग दर्ज करानी चाहिए। ठाणे नगर निगम ने भी जगह के लिए आवेदन करने की अपील की है। ठाणे मनपा को शादु मिट्टी की खरीद के लिए मांग दर्ज करनी है। पर्यावरण विभाग की प्रमुख मनीषा प्रधान ने आज मूर्तिकारों से अपील की है कि वे 15 मार्च तक नगर निगम मुख्यालय स्थित पर्यावरण विभाग कार्यालय में मिट्टी की मांग दर्ज कराएं, इसके लिए टेंडर प्रक्रिया पूरी कर लें। कलवा और वर्तकनगर वार्ड समितियों को छोड़कर अन्य वार्ड समिति क्षेत्रों से भूमि या जमीन के लिए कोई आवेदन प्राप्त नहीं हुआ है। पर्यावरण अनुकूल गणपति उत्सव मनाने के लिए ठाणे नगर निगम ने आयुक्त सौरभ राव के निदेर्शानुसार 16 जनवरी को मूर्ति निमार्ताओं और सार्वजनिक गणेशोत्सव मंडल के साथ बैठक की। इसके अलावा, पर्यावरण अनुकूल गणेशोत्सव विनियम 2025 भी 3 फरवरी को जारी कर दिए गए हैं।

# सराफा बाजार में मामूली गिरावट सोना और चांदी की घटी कीमत

एजेंसी

**नई दिल्ली।** घरेलू सर्राफा बाजार में आज मामूली गिरावट का रुख बना हुआ है। भाव में आई इस गिरावट के कारण देश के ज्यादातर सरार्फा बाजारों में 24 कैरेट सोना आज 87,700 रुपये से लेकर 87,850 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना आज 80,390 रुपये से लेकर 80,540 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी की कीमत में भी आज गिरावट आने के कारण दिल्ली सरार्फा बाजार में ये चमकीली धातु 99,000 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर कारोबार कर रही है।



देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना 87,850 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 80,540 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं, देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 87,700 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 80,390 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 87,750 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 80,440 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 87,700 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 80,390 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 87,700 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 80,390 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है।

लखनऊ के सरार्फा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 87,850 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 80,540 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। वहीं, पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 87,750 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 80,440 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह जयपुर में 24 कैरेट सोना 87,850 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 80,540 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सरार्फा बाजार में भी आज सोने के भाव में कमजोरी का रुख बना हुआ नजर आ रहा है। इन तीनों राज्यों की राजधानियों बेंगलुरु, हैदराबाद और भुवनेश्वर में 24 कैरेट सोना आज 87,700 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह इन तीनों शहरों के सरार्फा बाजारों में 22 कैरेट सोना 80,390 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

## भीलवाड़ा बंद, गैंगरेप की घटनाओं के विरोध में शहर ठप, व्यापारियों और संगठनों का समर्थन

**भीलवाड़ा :** हाल ही में भीलवाड़ा के कैफे कांड और बिजयनगर (ब्यावर) में हुई गैंगरेप की घटनाओं के विरोध में संत समाज के आह्वान पर सोमवार को भीलवाड़ा बंद रखा गया। शहर में यह बंद शाम पांच बजे तक प्रभावी रहेगा। शहर के व्यापारियों, मेडिकल एसोसिएशन, इंडस्ट्रियल एसोसिएशन, बार एसोसिएशन और प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन सहित कई संगठनों ने इस बंद का समर्थन किया है। भीलवाड़ा में इस बंद के चलते जनजीवन प्रभावित हुआ, लेकिन इसे व्यापारी और सामाजिक संगठनों का व्यापक समर्थन मिला। अब सभी की निगाहें इस पर टिकी हैं कि प्रशासन इन जघन्य घटनाओं पर क्या कदम उठाता है। बंद के कारण शहर के प्रमुख बाजार पूरी तरह से बंद रहे। व्यापारियों ने भी इस विरोध में अपनी दुकानें नहीं खोलीं। सुबह 9 बजे से ही बंद समर्थकों की टोलियां शहरभर में घूमकर दुकानों को बंद करवाने की अपील कर रही थीं। टू-व्हीलर पर सवार प्रदर्शनकारी नारेबाजी करते हुए लोगों से सहयोग की अपील कर रहे थे। सुबह दूधाधारी गोपाल मंदिर से महाआक्रोश रैली निकाली गई। यह रैली शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए बजरंगी चैराहे पर पहुंची, जहां दोपहर 2 बजे महाआक्रोश सभा का आयोजन किया गया। सभा में लव जिहाद, गैंगरेप और धर्मांतरण जैसे मुद्दों पर चर्चा की गई। सूचना केंद्र चौराहे पर होने वाली इस सभा को लेकर व्यापक तैयारियां की गई थीं। शहर में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह से सतर्क रहा। संवेदनशील इलाकों में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया। एसपी धर्मेंद्र सिंह ने बताया कि शहर के प्रमुख चौराहों पर फिक्स पॉइंट बनाए गए हैं और अतिरिक्त पुलिस बल को तैनात किया गया है। इसके अलावा वज्र वाहन, फायर ब्रिगेड और एंबुलेंस को भी अलर्ट पर रखा गया है। बंद को प्रभावी बनाने के लिए शहर में सात प्रमुख पाइंट तय किए गए थे, जहां संगठन के पदाधिकारी मौजूद रहे। इनमें नीलकंठ महादेव मंदिर शास्त्री नगर, दूधाधारी गोपाल मंदिर सांगानेरी गेट, टेम्पो स्टैंड सांगानेर, खेड़ा खुट मंदिर संजय कॉलोनी, छोटी पुलिया चौराहा सुभाष नगर, मालोला चौराहा, कुंभा सर्किल और पांसल चैराहा शामिल हैं।

## न्यूज IN ब्रीफ

### होली से परहेज तो क्यों बेचते हैं रंग-गुलाल मुस्लिम : हरिभूषण ठाकुर

**पटना :** बिहार विधानमंडल के परिसर में बजट सत्र के सातवें दिन आज भाजपा के फायरब्रांड विधायक हरिभूषण ठाकुर बचौल ने होली में रंग गुलाल और अबीर की बिक्री मुस्लिम समुदाय के लोगों को नहीं करने की नसीहत दी है। भाजपा के विधायक हरिभूषण ठाकुर बचौल ने कहा है कि होली में रंग-गुलाल और अबीर के बिक्री मुस्लिम समुदाय के लोग ना करें। रंग-गुलाल लगवाने से मुसलमानों को परहेज होता है, तो बिक्री क्यों करते हैं ? होली जुम्मे (शुक्रवार) के दिन है, हिंदुओं को होली मनाने दें, अगर रंग से आपत्ति है तो उसे दिन घर से ना निकलें। वैसे भी साल में 52 जुम्मा (शुक्रवार) होता है। एक दिन नहीं ही निकलें और बड़ा दिल दिखाएं । भाजपा विधायक के बयान पर जदयू-राजद ने दी प्रतिक्रिया भाजपा विधायक के विवादित बयान पर राज्य में सहयोगी पार्टी जदयू ने प्रतिक्रिया व्यक्त की है। मंत्री श्रवण कुमार ने कहा है कि उनके व्यक्तिगत बयान से हम लोग सहमति नहीं रखते । सबको, सब तरह की दुकान चलाने का अधिकार है। बिहार में बिहार मॉडल चलता है, अब तो देश में भी बिहार मॉडल चलता है। सभी धर्म-समप्रदाय के लोग आपस में भाई हैं। हरिभषण ठाकुर के बयान पर राजद विधायक फतेह बहादुर सिंह ने कहा है कि यह लोग समाज में वैमनस्यता फैलते हैं, उनके बयान के झांसे में कोई अब आने वाला नहीं है।

### गुजरात में युवक की कथित हादसे में मौत पर सवाल, राजस्थान के सांसद ने लगाया हत्या आरोप

**गोंडल :** राजस्थान के भीलवाड़ा के मूल निवासी युवक की गुजरात के गोंडल में कथित रूप से सड़क हादसे में हुई मौत के मामले में नया मोड़ आ गया है। खुलासा हुआ है कि पूर्व विधायक जयराज सिंह जाडेजा के घर के बाहर गत दो मार्च को पिता-पुत्र के साथ मारपीट हुई थी। उसके बाद पुत्र का शव मिला था। इस मामले में पिता ने हत्या का आरोप लगाया है। उधर राजस्थान के सांसद हनुमान बेनीवाल ने भी एक्स पर पोस्ट किया है। कहा कि पूरे मामले की जांच सीबीआई से कराई जाए। इस घटना को वे संसद में उठाएंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि इस कथित हत्याकांड में सियासी रसूखदार लोग शामिल हो सकते हैं। गोंडल में गत दो मार्च को यूपीएससी की तैयारी करने वाले युवक राजकुमार चौधरी युवक गुम हो गए थे। पिता रतनलाल ने इसकी जानकारी राजकोट ग्रामीण पुलिस को दी थी। पुलिस को दी गई शिकायत में पूर्व विधायक जयराज सिंह जाडेजा के बंगले के पास बाइक खड़ा रहने को लेकर पिता-पुत्र के साथ मारपीट की घटना का उल्लेख किया गया था। इस घटना के दूसरे ही दिन तीन मार्च को राजकुमार संदिग्ध रूप से लापता हो गए थे। बाद में चार मार्च को रात्रि तीन बजे के आसपास युवक की मौत सड़क हादसे में होने की जानकारी मिली। परिवारजनों ने फॉरेंसिक पोस्टमार्टम की मांग की थी। युवक के पिता रतनलाल ने मीडिया को बताया कि मुझे आशंका है कि मेरे बेटे की हत्या की गई है। इसका पूरी तरह से खुलासा होना चाहिए। मैं पिछले 30 साल से गोंडल में रहता हूं, लेकिन यह पहली घटना हुई है। उधर ग्रामीण पुलिस के इंसपेक्टर जेपी गोसाई के मुताबिक युवक की सड़क हादसे में मौत का मामला दर्ज किया गया है। मामले की गहराई से जांच की जा रही है।

### घर में हुए विस्फोट से भरभरा कर गिरी दीवार, एक गंभीर घायल

**हरिद्वार :** उपनगरी ज्वालापुर के लोधामंडी क्षेत्र में सोमवार को एक आतिशबाज के घर में भयानक धमाका होने से हड़कंप मच गया। विस्फोट इतना तेज था कि घर के कमरे की दीवार भरभरा कर गिर गई, जिससे वहां मौजूद एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल आजाद अली पुत्र सनवर उम्र 45 वर्ष को तुरंत एम्स ऋषिकेश रेफर कर दिया गया है। जानकारी के मुताबिक लोधामंडी क्षेत्र में पटाखे और आतिशबाजी का काम करने वाले कई परिवार रहते हैं। धमाका आजाद अली पुत्र सनवर उम्र 45 वर्ष के घर में जमा किए गए बारूद में हुआ, जिससे बड़ा हादसा हो गया। आसपास के लोगों ने तेज धमाके की आवाज सुनी और जब वे मौके पर पहुंचे, तो देखा कि घर का एक हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुका था। घटना की सूचना मिलते ही ज्वालापुर कोतवाली प्रभारी प्रदीप बिष्ट मौके पर पहुंचे। इसके बाद एसपी सिटी पंकज गैरोला ने भी घटनास्थल पर पहुंचकर जायजा लिया। पुलिस ने मौके पर फॉरेंसिक टीम को बुलाया और विस्फोट के कारणों की बारीकी से जांच शुरू कर दी। एसपी सिटी पंकज गैरोला ने बताया कि सभी एंगल से इस घटना की जांच की जा रही है। यह पता लगाया जा रहा है कि विस्फोट अवैध रूप से रखे गए पटाखों और बारूद के कारण हुआ है या फिर इसके पीछे कोई और कारण है। अगर किसी की लापरवाही सामने आती है, तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### पूर्व विधायक रवींद्र घंगेकर ने छोड़ी कांग्रेस, शिंदे समूह की शिवसेना में शामिल होने की संभावना

**मुंबई :** पुणे जिले के कांग्रेस नेता और पूर्व विधायक रवींद्र घंगेकर ने सोमवार को कांग्रेस पार्टी छोड़ने की घोषणा की है। साथ ही यह भी कहा कि उन्होंने शिवसेना शिंदे समूह में शामिल होने के लिए किसी पद की मांग नहीं की है। इससे साफ हो गया है कि घंगेकर शिंदे समूह की शिवसेना में शामिल हो सकते हैं। रवींद्र घंगेकर ने आज पुणे में मीडिया को बताया कि पिछले कई वर्षों से वे कांग्रेस पार्टी के लिए काम कर रहे थे। कांग्रेस पार्टी ने उन्हें बहुत कुछ दिया है, इसलिए वे कांग्रेस पार्टी के खिलाफ कुछ नहीं बोलेंगे। उन पर कार्यकताओं का शिंदे समूह में शामिल होने का दबाव था, इसलिए वे आज शाम को मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे से मुलाकात करेंगे। दरअसल, रवींद्र घंगेकर के बारे में पिछले कई दिनों से चर्चा थी कि वे शिंदे समूह में शामिल होने वाले हैं। इसी सिलसिले में रवींद्र घंगेकर ने उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे से मुलाकात की थी, लेकिन उस समय घंगेकर ने इन चचाओं का खंडन किया था। उस समय कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष हर्षवर्धन सपकाल ने भी कहा था कि घंगेकर कांग्रेस में ही रहेंगे, लेकिन आज घंगेकर ने आखिर कांग्रेस पार्टी छोड़ने की घोषणा कर दी है।

### बस्ती सड़क हादसे में 5 लोगों की मौत पर मुख्यमंत्री योगी ने जताया दुख

**लखनऊ :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बस्ती जिले में सोमवार को हुए सड़क हादसे में पांच लोगों की मौत पर दुख जताया है। मुख्यमंत्री ने मृतकों के शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। उन्होंने जिला प्रशासन के अधिकारियों को घायलों के समुचित उपचार कराने के निर्देश दिए हैं। उनके शीघ्र स्वस्थ होने की भी कामना की है। उल्लेखनीय है कि बस्ती में नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग 27 पर सड़क हादसे में पांच लोगों की मौत हो गई। इस हादसे में तीन लोग घायल हैं, जिनका इलाज अस्पताल में चल रहा है।

### एनटीपीसी के डीजीएम कुमार गौरव हत्याकांड

# मामले की जांच के लिए एसआईटी गठित, डीजीपी ने की घटना की समीक्षा

**संवाददाता**

**हजारीबागः** एनटीपीसी के अधिकारी कुमार गौरव की हत्या की जांच के लिए एसआईटी का गठन किया गया है। इस एसआईटी का नेतृत्व एसडीपीओ अमित कुमार कर रहे हैं। हजारीबाग एसपी अरविंद कुमार सिंह ने इसकी जानकारी दी। इस संबंध में कटकमदाग थाना कांड संख्या-47/25, दिनांक-08।03।2025 धारा-103 (1)/3 (5) बीएनएस एवं 27 आर्म्स एक्ट के तहत 02 अज्ञात अभियुक्तों के विरुद्ध मामला दर्ज किया गया है।

हजारीबाग एसपी अरविंद कुमार सिंह ने स्पष्ट किया है कि



घटना के बाद मृतक के परिजनों और एनटीपीसी के पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों ने इस बात की पुष्टि की है कि मृतक का पूर्व में किसी से कोई विवाद नहीं था और उसे किसी प्रकार की धमकी भी नहीं मिली थी।

उन्होंने बताया कि पुलिस ने घटनास्थल से संबंधित सभी संभावित मार्गों पर लगे सीसीटीवी फुटेज प्राप्त कर अपराधियों के आने-जाने से संबंधित साक्ष्य एकत्र किए हैं। मामले की जांच और अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए तकनीकी साक्ष्य प्राप्त कर संभावित ठिकानों पर छापेमारी की जा रही है। इस घटना से संबंधित संदिग्धों से पूछताछ की जा रही है। इस मामले में बोकारो प्रक्षेत्र के आईजी एस माइकल राज ने हजारीबाग एसपी और एसआईटी सदस्यों के साथ घटनास्थल और विभिन्न आने-जाने वाले मार्गों का निरीक्षण किया। आईजी माइकल राज ने घटना की जांच और अपराधियों की जल्द से जल्द गिरफ्तारी के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश भी जारी किए हैं।

डीजीपी अनुराग गुप्ता ने भी मामले की समीक्षा की है। समीक्षा के बाद घटना से जुड़े सभी बिंदुओं पर गहन जांच सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। ज्ञात हो कि एनटीपीसी के केरेडारी कोल परियोजना के डीजीएम (डिस्पैच) कुमार गौरव को शनिवार की सुबह करीब 09।30 बजे कटकमदाग थाना क्षेत्र के फतहा चौक पर अज्ञात अपराधियों ने गोली मार दी थी। जहां से उन्हें इलाज के लिए हजारीबाग के आरोग्यम अस्पताल लाया गया, लेकिन इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।

# तेलीपाड़ा में छापेमारी, अवैध मिनी शराब फैक्ट्री का भंडाफोड़

**संवाददाता**

**धनबादः** थाना क्षेत्र के हीरापुर तेलीपाड़ा में उत्पाद विभाग की टीम ने छापेमारी कर एक मिनी शराब फैक्ट्री का भांडा फोड़ा। इस दौरान यहां से विभिन्न ब्रांड की छह पेटी नकली शराब और शराब बनाने के सामान जब्त किये गये। वहीं शराब फैक्ट्री का संचालक शंकर साव फरार है। उत्पाद विभाग की ओर शंकर साव के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। उसकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। विभाग के सब इंस्पेक्टर जितेंद्र कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि शंकर साव अपने घर में अवैध रूप से नकली शराब बना रहा है। इसके बाद एक टीम बनाकर उसके घर पर छापेमारी की गयी। इस दौरान शंकर साव घर में नहीं मिला। जब सर्च किया गया तो



वहां से विभिन्न ब्रांड की शराब, कई ब्रांड के रैपर, ढक्कन व शराब बनाने के समान जब्त किये गये।

**परचुनिया बेचते हैं नकली माल :** बताया जाता है कि तेलीपाड़ा में नकली शराब का धंधा कई माह से चल रहा है। यहां नकली शराब बनाने के बाद आसपास के छोटे-मोटे होटलों में सप्लाई की जाती है। साथ ही परचुनिया को शराब मुहैया करायी जाती है, जो रात 10 बजे से लेकर अल सुबह तक घूम-घूम कर शराब बेचता है। इसमें हीरापुर के तीन और स्टेशन रोड का एक परचुनिया भी मिला हुआ है, जो नकली शराब को बाजार में खपाते हैं।

### थाने में युवक से मारपीट का मामला

# रामगढ़ एसपी ने बरलंगा थाना प्रभारी को किया सस्पेंड



**संवाददाता**

**रामगढ़ः** जिले के बरलंगा थाना में युवक के साथ पिटाई मामले में एक्शन लिया गया है। एसपी के आदेश पर बरलंगा थाना प्रभारी विकास आर्यन और एएसआई को सस्पेंड कर दिया गया है।

वार्ड सदस्य के पति विनोद कुमार सिन्हा और युवक जितेंद्र कुमार महतो के बीच प्रधानमंत्री आवास को लेकर हुई कहासुनी के बाद विनोद कुमार सिन्हा ने युवक के खिलाफ बरलंगा थाने में एक शिकायती आवेदन दिया था। जिसके बाद थाना प्रभारी विकास आर्यन और एएसआई ने थाने में युवक के साथ मारपीट की। मारपीट के खिलाफ पीड़ित ने एसपी से थाना प्रभारी और एएसआई के खिलाफ कार्रवाई के लिए आवेदन दिया था। मामले में एसपी अजय कुमार ने कड़ा एक्शन लेते हुए बरलंगा थाने में पदस्थ सब इंस्पेक्टर और एएसआई को सस्पेंड कर दिया है।

दरसअल पुलिस अधीक्षक को सोनडिमरा निवासी और पीड़ित युवक जितेंद्र कुमार महतो ने आवेदन दिया था। जिसमें उन्होंने एसडीपीओ से जांच कराकर थाना प्रभारी विकास आर्यन और अरक मंगल उरांव के खिलाफ विभागीय कार्रवाई करने की मांग की थी। जिसके बाद थाना प्रभारी विकास आर्यन को एसपी ने सस्पेंड कर दिया है।

इससे पहले थाना प्रभारी विकास आर्यन पर 19 सितंबर 2023 को एक जमीन पर निर्माण के दौरान संलिप्तता पाई गई थी। जिसमें रामगढ़ एसडीपीओ की जांच रिपोर्ट आने के बाद इन्हें सस्पेंड किया गया था।

**आरोपी पुलिसकर्मी के खिलाफ विधायक ने की थी मांगः** दरसअल रविवार देर रात रामगढ़ विधायक ममता देवी ने जितेंद्र कुमार महतो द्वारा दिए गए आवेदन के बाद बरलंगा थाना पहुंचकर थाना प्रभारी को जमकर फटकार लगाई थी। विधायक ममता देवी ने 2 घंटे थाने में रहकर एसडीपीओ को जितेंद्र कुमार महतो के साथ हुए अन्याय की जानकारी दी। साथ ही उन्होंने थाना प्रभारी और उनके अधीनस्थ अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।

**पीड़ित युवक ने विधायक ममता देवी के साथ दिया था एसपी को ज्ञापनः** पीड़ित युवक जितेंद्र कुमार महतो विधायक ममता देवी के साथ पुलिस अधीक्षक ऑफिस पहुंचे और पुलिस अधीक्षक अजय कुमार को लिखित में शिकायत दी। विधायक ममता ने बरलंगा थाना प्रभारी विकास आर्यन एएसआई मंगल उरांव के खिलाफ मारपीट के मामले में सख्त कार्रवाई की मांग की। जिसके बाद एसपी अजय कुमार ने पूरे मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच और दोषी होने पर कार्रवाई का आश्वासन विधायक को दिया। एसपी ने इस मामले में जांच के लिए पतरातू अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी पवन कुमार को नियुक्त किया।

**जनता से सादगी के साथ पेश आए सभी पुलिसकर्मीः** एसपी अजय कुमार देर शाम अनुमंडल पदाधिकारी पतरातू पवन कुमार ने रामगढ़ एसपी अजय कुमार को जांच के बाद रिपोर्ट सौंपी। जिसमें आवेदक जितेंद्र कुमार महतो की शिकायत को सही पाया। जिसके बाद पुलिस अधीक्षक अजय कुमार ने दोनों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए उन्हें तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया और उन्होंने यह भी कहा कि स्पष्ट रूप से पहले भी लिखित एवं मौखिक रूप से सभी पुलिस पदाधिकारी, कर्मियों को आमजनों के साथ मैत्रीपूर्ण व्यवहार करने, अवैध कार्यों में संलिप्त नहीं रहने के लिए सचेत एवं निर्देशित किया गया है। बावजूद इसके गैर जिम्मेदाराना और असंवेदनशील कार्य को अंजाम दिया गया है, जिससे पुलिस की छवि जनता के बीच में धुमिल हुई है, जो काफी दुर्भाग्यपूर्ण है। कार्रवाई के बाद दोनों के खिलाफ अब विभागीय जांच शुरू हो गई है।

# मॉब लिंचिंग मामले में पुलिस ने 4 आरोपियों को किया गिरफ्तार

**संवाददाता**

**लातेहार :** बीती रात हुए मॉब लिंचिंग मामले में पुलिस ने 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के अनुसार इस घटना में लातेहार थाना काण्ड संख्या- 51/25 दर्ज करते हुए पुलिस ने लातेहार थाना क्षेत्र के गुवा गांव निवासी देवकी सिंह के 4 बेटों विनोख कुमार सिंह (40 वर्ष), कमलेश कुमार सिंह (35 वर्ष), अखलेश कुमार सिंह (33 वर्ष) और अमलेश कुमार सिंह (30 वर्ष) को हिरासत में लेकर आगे की कार्रवाई कर रही है।

**क्या है मामलाः** जिले में ग्रामीणों ने बकरी चोरी के आरोप में एक मजदूर की पीट-पीटकर हत्या कर दी। यह घटना शनिवार रात करीब 11 बजे की है। मृतक की पहचान मध्य प्रदेश के दतिया निवासी सलीम खान (40) के




रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार, वह गोवा गांव के गोविंद प्रसाद साहू के ईंटा भट्ठे में काम करता था और वह तीन महीने पहले ही पूरे परिवार के साथ लातेहार के गोवा गांव आया था। बकरी चोरी के आरोप में ग्रामीणों ने की सलीम खान की पिटाई गांव वालों का आरोप है कि सलीम खान गोवा गांव के देवकी सिंह, विनोद सिंह, अमरेश सिंह समेत अन्य लोगों के घरों में घुसकर बकरी चोरी करने का प्रयास कर रहा था। लेकिन घर वाले जाग गये और शोर मचाना शुरू कर दिया। शोर सुनने के बाद ग्रामीण वहां जमा हो गये और पकड़ कर उसकी पिटाई शुरू कर दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया और बाद में उसकी मौत हो गयी।

हालांकि सलीम खान के भाई जमील खान का कहना है कि ग्रामीणों ने झूठे आरोप में उसके भाई को पीटा, जिससे उसकी मौत हो गयी। उसका कहना है कि सलीम गोवा गांव शराब पीने गया था, ना कि बकरी चोरी करने। घटना के बाद गांव में तनाव का माहौल है। कई लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही पुलिस इधर घटना के बाद लोगों ने ईटा भठ्ठा के मालिक को इसके बारे में बताया। जिसके बाद उन्होंने पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी दुलड़ चौड़े को घटना की जानकारी दी। घटना की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी दुलड़ चौड़े दल-बल के साथ गांव पहुंचे और और मामले की जांच में जुट गये। जानकारी के अनुसार, पुलिस एक दर्जन से अधिक लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

# सहेली के घर पर नाबालिग से दुष्कर्म, तीन आरोपी गिरफ्तार

**जमशेदपुरः** जिले में 13 वर्षीय एक लड़की का उसकी सहेली के घर पर कथित तौर पर बलात्कार किया गया और उसके (सहेली के) माता-पिता ने इस घटना को छिपाने की कोशिश की। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि मुख्य आरोपी के साथ पीड़िता की सहेली के माता-पिता को बीते शनिवार को गिरफ्तार कर लिया गया। उसने बताया कि गोलमुरी थाना क्षेत्र में बृहस्पतिवार को यह घटना उस दौरान हुई थी जब पीड़िता अपनी सहेली से मिलने गई थी। पुलिस ने बताया कि पीड़िता की सहेली के 48 वर्षीय चाचा ने कथित तौर पर उसके साथ बलात्कार किया। जब उसकी सहेली के माता-पिता को इस बारे में पता चला तो उन्होंने इसे छिपाने की कोशिश की, लेकिन पीड़िता ने अपने माता-पिता को आपबीती सुनाई, जिसके बाद उन्होंने शिकायत दर्ज कराई।

पीड़िता ने बताया कि मुख्य आरोपी उसकी सहेली की मां का परिचित है। वह उसे अपने भाई की तरह मानती है। अदालत ने पीड़िता की सहेली के चाचा और पिता को न्यायिक हिरासत में भेज दिया, जबकि मां को अस्थमा संबंधी परेशानी के कारण अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने बताया कि मामले की जांच जारी है।

# भारत ने तीसरी बार चैंपियन ट्रॉफी पर किया कब्जा, 12 साल बाद जीता ट्रॉफी

**विनय मिश्रा**




**भारत** और न्यूजीलैंड के बीच खेले गए चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल मैच में भारत ने न्यूजीलैंड को चौका मारकर चार विकेट से पराजित किया या विजयी चौका रविंद्र जडेजा के बल्ले से निकला ।खेले गए फाइनल मैच में दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में न्यूजीलैंड में पहले बल्लेबाजी करते हुए 251 रन बनाए । जिसके जवाब में भारत ने लक्ष्य का पीछा करते हुए अपने छह विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया। खेले गए इस रोमांचक मैच में रोहित शर्मा ने शानदार पारी खेली और मेन ऑफ दी मैच बनें। भारत के शानदार जीत पर भी न्यूज कार्यालय में भी आज होली के पूर्व जमकर दिवाली मनाई गई और पटाखे छोड़े गए भारत के चैंपियन बनने और चैंपियंस ट्रॉफी जीतने पर चक्रधरपुर में गजब का हर्ष और उत्साह देखा गया । पूरे शहर में दिवाली की धूम रही ।

# बोकारो में बर्ड फ्लू ने दी दस्तक, मुर्गी और अंडे की बिक्री पर लगी रोक

**बोकारोः** रांची में बर्ड फ्लू के कारण 5,500 पक्षियों के वध के लगभग 1 माह के बाद बोकारो जिले में इस संक्रमण के मामले सामने आए हैं। एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी।

46 पक्षियों को मारा गया : अधिकारी ने बताया कि इस संक्रमण की आधिकारिक पुष्टि सात मार्च को हुई जब केंद्र ने झारखंड के मुख्य सचिव को एक पत्र जारी किया। बोकारो के सेक्टर-12 में एक सरकारी कुक्कुट केंद्र में इस संक्रमण का पता लगा है जहां पहले ही लगभग 250 पक्षियों की मौत हो चुकी है। पशुपालन, डेयरी और मत्स्य पालन मंत्रालय द्वारा राज्य को बर्ड फ्लू के प्रसार को रोकने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाने के लिए कहे जाने के बाद बोकारो प्रशासन ने शनिवार को 46 पक्षियों को मार दिया और 506 अंडों को नष्ट कर दिया। इसके अलावा संक्रमित और निगरानी क्षेत्र घोषित करना, प्रभावित परिसरों में प्रवेश प्रतिबंधित करना, जैसे कदम भी उठाए गए हैं। बोकारो पशुपालन अधिकारी डॉ। मनोज मणि ने बताया, कुक्कुट केन्द्र के 46 पक्षियों को मार दिया गया और



506 अंडे तथा पक्षियों का 1,717 किलोग्राम आहार नष्ट कर दिया गया। पूरे केन्द्र को कीटाणुमुक्त किया गया है।" उन्होंने कहा कि एक किलोमीटर के दायरे को प्रभावित क्षेत्र घोषित किया गया है और इस दायरे में सभी पक्षियों का वध किया जाएगा।

मणि ने कहा, इसके अलावा, 10 किलोमीटर के दायरे को निगरानी क्षेत्र की श्रेणी में रखा गया है जहां कुक्कुट उत्पाद की बिक्री और खरीद पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। आज से जागरुकता अभियान शुरू होगा।" सरकारी कुल्कुट केन्द्र के प्रभारी डॉ। अनिल कुमार सिन्हा ने बताया कि पक्षियों की मौत की पहली घटना 20 फरवरी को हुई। उन्होंने कहा, 23 फरवरी को 12 पक्षियों की मौत हुई थी और हमने शुरूआती नमूने 25 फरवरी को रांची और 27 फरवरी को कोलकाता भेजे थे। कोलकाता स्थित प्रयोगशाला के निदेर्शों के बाद हमने पांच मार्च को नमूने भोपाल स्थित प्रयोगशाला में भेजे।" भोपाल स्थित भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद -राष्ट्रीय उच्च सुरक्षा पशुरोग संस्थान (एनआईएचएसएडी) ने सात मार्च को एच5एन1 संक्रमण की पुष्टि की। सिन्हा ने बताया कि केंद्र में मौजूद 300 पक्षियों में से करीब 250 की मौत 15 दिनों के भीतर हुई। इससे पहले फरवरी में रांची के बिरसा कृषि विश्वविद्यालय (बीएयू) के एक कुक्कुट केंद्र में बर्ड फ्लू के मामले सामने आए थे जिसके बाद 5,488 पक्षियों का वध किया गया था।

## भ्रष्टाचार का उजागर करने वाले उप मुखिया ने अपने जान माल की रक्षा की लगाई गुहार

**गुमला :** जिला अंतर्गत स्थित चपका पंचायत के उप मुखिया संजय गोप ने घाघरा थाने में लिखित आवेदन देकर घाघरा पुलिस से अपनी जान माल की रक्षा की गुहार लगाते हुए , दोषी के ऊपर कार्रवाई की मांग की है। अपने लिखित आवेदन में संजय ने कहा है कि पतागाई गांव निवासी मेट बसंती देवी के पति सुनील भगत के द्वारा उन्हें जान से मारने की धमकी दी गई है, वही उन्होंने इस संबंध में बताते हुए अपने आवेदन मे कहा है कि दो दिन पूर्व कूप निर्माण में गबन के मामला को लेकर प्रखंड विकास पदाधिकारी घाघरा के समक्ष अपने लिखित आवेदन देकर जांच करने की बात कही गई तथा उक्त मामले को लेकर विभिन्न समाचार पत्रों में भी समाचार प्रकाशित कराया गया। इसी बात को लेकर आक्रोसित सुनील भगत के द्वारा संजय को गाली गलौज देते हुए जान से मारने देने की धमकी दी गई है जिससे भयभीत होकर संजय गोप ने घाघरा थाना में लिखित आवेदन देकर अपने जान माल की रक्षा की गुहार लगाई है। तथा उक्त संबंध में सुनील भगत से फोन के माध्यम से पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि मेरे ऊपर संजय गोप के द्वारा लगाया गया आरोप निराधार है , संजय गोप से मेरी ऐसी कोई बात नहीं हुई है और मैंने किसी प्रकार का कोई धमकी या गाली गलौज भी नहीं दिया हूं।

## शिविर में 34 नेत्र रोगियों का हुआ ऑपरेशन

**जमशेदपुरः** बागबेड़ा स्थित राम मनोहर लोहिया नेत्रालय में रविवार को शहर के जाने माने नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ भारती शर्मा, डॉ पूनम सिंह, डॉ विवेक केडिया, डॉ रश्मि वर्मा ने 34 नेत्र रोगियों के आंखों का ऑपरेशन कर लेंस प्रत्यारोपण किया। स्व. मटुकधारी लाल की पुण्य स्मृति में कृष्णमुरारी चैरिटेबल ट्रस्ट के संयोजन में आयोजित नेत्र शिविर में ऑपरेशन सत्र के दौरान रेड क्रॉस सोसाइटी के मानद सचिव विजय कुमार सिंह, समाजसेवी चंद्रमोहन सिंह, कृष्णमुरारी चैरिटेबल ट्रस्ट के प्रशांत कुमार गुप्ता, राकेश मिश्र, कमल किशोर सहित अन्य लोग उपस्थित थे। सोमवार को ऑपरेशन कराने वालों के आंखों की जांच कर आवश्यक दवा व चश्मा देकर घर भेजा जायेगा।

# स्टेप टू डिलीवरी कार्य में लगे वाहनों की हालत खास्ता

### स्वयं चलने में असमर्थ वाहनों के जिम्मे है हजारों किलो खाद्य सामग्री पीडीएस दुकान पहुंचाने की







**संवाददाता**

**चक्रधरपुरः** इन दोनों खाद्य सामग्री पीडीएस दुकानों तक पहुंचाने की जवाबदेही जिन वाहनों की है वह स्वयं चलने फिरने के लायक नहीं है। लगभग कबाड़ की स्थिति में है। फिर भी इन वाहनों में धड़ल्ले से खाद्य सामग्री हजारों किलो की संख्या में लादकर इन्हें पीडीएस दुकान पहुंचाने के जवाब देही मिली हुई है। ये वाहन लगभग खटारा हो चले हैं तथा कभी भी दम तोड़ सकते हैं। उक्त वाहन न तो सुरक्षा की दृष्टि से उपयुक्त हैं ना ही इन वाहनों के कागज ही दुरुस्त हैं । मसलन इनकी जांच की जाए तो कागजात और इंश्योरेंस जैसे महत्वपूर्ण कार्य भी शायद ही इन वाहनों नहीं होगे। गोदाम से खाद्यान्न ले जाने वाले वाहनों की ना तो नियमित जांच की जाती है ना उनकी सुधि ली जाती है । संवेदकों द्वारा मनमाने तरीके से इन खटारे वाहनों का धड़ल्ले से उपयोग किया जा रहा है जो नियम के विरुद्ध है ।

## पटरी पर मिला युवक का शव, आत्महत्या की आशंका

**टाटानगर :** सलगाझड़ी फाटक से कुछ दूर पहले रेल पुलिस ने एक युवक का कटा हुआ शव बरामद किया है। शव को पुलिस ने अपने कब्जे में कर उसे पोस्टमॉर्टम के लिए एमजीएम मेडिकल कॉलेज भेज दिया है। मृतक की पहचान शहनवाज शेख के रूप में हुई है। शहनवाज शेख महाराष्ट्र के अहमदनगर का रहने वाला था। वह पेशे से खलासी का काम करता था। पिछले दिनों गुड़ लेकर वह ट्रक से कृषि बाजार समिति आया था। शहनवाज शेख का शव देखने से यह साफ प्रतीत हो रहा है कि उसने आत्महत्या की है। क्योंकि शहनवाज शेख का शरीर बीच से दो भाग में कटा हुआ है। ट्रक चालक ने बताया कि शहनवाज शेख मानसिक रूप से थोड़ा परेशान भी था। इस मामले में टाटानगर रेल पुलिस मामले की जांच कर रही है। वहीं चालक ने उसके परिवार को भी घटना के बारे में जानकारी दे दी है।